CMYK

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 5 जून 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 18 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी पेज 2



सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में श्रेयस अय्यर, ईशान किशन व तिलक वर्मा खेल टाइम्स



प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय सम्पादकीय



भारत और वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे पेज 12

# ईरान युद्ध से ट्रम्प को रोकने वाला युद्ध शक्ति प्रस्ताव मंजूर

वाशिंगटन, वार्ता

**रिपब्लिकन के नेतृत्व** वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में आगे कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव 215-208 मतों से पारित हुआ है। यह प्रस्ताव तब सफल हुआ जब चार रिपब्लिकन सदस्यों ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस युद्ध के प्रति अपनी असहमति जताई।

यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को ईरान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के निर्देश देता है, जब तक कि कांग्रेस युद्ध की घोषणा न कर दे या सैन्य बल के इस्तेमाल को अधिकृत न कर दे। सदन के जिन चार रिपब्लिकन सदस्यों ने



**■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) 215-208 मतों से पारित**

युद्ध शक्तियों वाले प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, उनमें मिशिगन के प्रतिनिधि टॉम बैरेट, ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्जपैट्रिक और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रम्प बिना किसी साफ रणनीति के देश को एक लंबे संघर्ष में घसीट सकते हैं। साथ ही उन्होंने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों की शुरुआत के बाद से गैसोलीन, खाने-पीने की चीजों और दूसरे उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। इस प्रस्ताव का पारित होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्हाइट हाउस पर ईरान युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ाता है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं और युद्ध के प्रति जनता का विरोध भी बढ़ गया है। श्री ट्रम्प की युद्ध संबंधी शक्तियों पर लगाम लगाने का सदन का यह चौथा प्रयास था। सीनेट ने मई में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया था, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से मतदान नहीं हुआ है। कांग्रेस में ट्रम्प के लिए यह एक और झटका था, भले ही सदन और सीनेट दोनों में उनकी पार्टी के पास मामूली बहुमत है। यह वोट इस प्रस्ताव को अपनाने के लिए था, जिसके तहत ट्रम्प को अमरीकी सेना को वापस बुलाना होगा या इस संघर्ष के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। व्हाइट हाउस ने इस प्रस्ताव की अहमियत को खारिज करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का एक असंवैधानिक प्रयास है।

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

## तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

चेन्नई, वार्ता

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून ने गुरुवार को केरल में दस्तक दी, केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। जिससे पश्चिमी घाट व तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश होने तथा भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, मध्य-पश्चिम और मध्य- पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल और माहे में आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही मानसून गुरुवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम, मध्य- पश्चिम, मध्य-पूर्व एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है। अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, मध्य-पश्चिम, मध्य-पूर्व और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

# दिल्ली में आंधी व तेज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार दोपहर 2:30 बजे तक मयूर विहार स्टेशन पर सबसे अधिक 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 'मध्यम बारिश' की श्रेणी में आती है। आयानगर, पुष्प विहार, पालम और प्रगति मैदान में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जहां सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच क्रमशः 14.2, 10.5, 5.8 मिमी और 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शाम तक मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, शाहदरा, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सहित दिल्ली के सभी जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।

### दिल्ली होटल आग: मालिक चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### मालवीय नगर हादसा मृतक आश्रितों को 10-10 लाख मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## बड़ी डिग्री छुपाकर नौकरी हासिल करना गलत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कहा: यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है।

इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता।

## WFI को लगा सुप्रीम झटका



**डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से किया इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है, क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इन्कार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका) के निपटारे को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।

### चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी सीसीपीएल को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है।

# मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था हुई बर्बाद: राहुल गांधी

**■ कहा: नीट छात्रा आकांक्षा की मौत इसी विफलता का परिणाम**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।

### सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा: सीजेपी

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष व सीईओ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ पीएम से जेन फ्रेजर ने भारत के विकास की प्राथमिकताओं व सहयोग के अवसरों पर की चर्चा**

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेजर ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की बुधवार को हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे।






CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन बारिश-आंधी के आसार, लौटेगी लू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चार से छह जून के बीच प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 4, 5 और 6 जून को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि 7 जून से मौसम फिर शुष्क होने लगेगा और 10 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। विभाग ने चार जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

### शिक्षा क्षेत्र में पंजाब बना देश में नंबर वन: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया। केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में कभी 27वें स्थान पर रहा पंजाब आज पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह सर्वे केंद्र सरकार के नीति आयोग का है, जिसके अनुसार, पंजाब ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली में शिक्षा क्रांति के बाद अब पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी ऐतिहासिक बदलाव हो रहा है।

# अर्थव्यवस्था की स्थिति से घबराई मोदी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त निवेश, कमजोर मांग और निजी क्षेत्र की निवेश में घटती रुचि जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है और सरकार इन समस्याओं के समाधान के ठोस उपाय करने की बजाय विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता इसलिए सरकार को आर्थिक स्थिति को लेकर घबराहट में कदम उठाने के बजाय ठोस उपाय करने की दिशा में पहल कर दीर्घकालिक उपाय करने चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगने वाले 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स) को समाप्त करने के लिए सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। यह कर दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्या यह है कि देश में निजी कॉरपोरेट निवेश बेहद कमजोर बना हुआ है। जिन कंपनियों को भारत में निवेश करना चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रही हैं अथवा घरेलू निवेश को टाल रही हैं। उनका दावा है कि कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर होने के बावजूद जीडीपी में निजी कॉरपोरेट निवेश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रमेश ने कहा कि अध्यादेश जैसे तात्कालिक कदम केवल सुर्खियां बटोर सकते हैं, लेकिन निजी निवेश में गिरावट के संरचनात्मक कारणों का समाधान नहीं कर सकते। वास्तविक मजदूरी में ठहराव, आय एवं संपत्ति की बढ़ती असमानता, आर्थिक शक्ति के बढ़ते केंद्रीकरण तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से बने भय के माहौल को उन्होंने इसके प्रमुख कारण बताया।



■ एफपीआई को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन अध्यादेश लाने की तैयारी जारी: कांग्रेस

# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार से जोड़ें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उप्र केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर मिलेंगे। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारत मिशन' की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां भारत की सभ्यता, दर्शन और वैज्ञानिक परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और डिजिटलीकरण से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जा चुका है। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेश और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट विकसित करने के साथ-साथ 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित करने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव-लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को मजबूत करेंगी। वहीं आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय में उनके जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा प्रवास और सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नैमिषारण्य के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे वैदिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। मास्टर प्लान के तहत वेद विज्ञान केंद्र, वैदिक थीम पार्क, रिवरफ्रंट, तीर्थयात्री आवास और इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। मिर्जापुर-विंध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार हो रहे मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का आकर्षक और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए।



■ उप्र भारत की सांस्कृतिक चेतना आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश: मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई

# दिल्ली में अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** दिल्ली में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उप्र सरकार ने प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच और सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश की सभी हाईराइज इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी और निजी कार्यालयों, होटल, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक भवनों की सघन जांच कराई जाए। जहां भी अग्निशमन मानकों में कमी पाई जाए, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से सभी होटलों की विस्तृत जांच कराने और उनकी फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निकांड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरणों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्यशीलता की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते सुरक्षा उपायों को मजबूत कर जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। वहीं दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद वाराणसी में गुरुवार को अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के होटलों, लॉजों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कैंटोनमेंट क्षेत्र और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित परेड कोठी इलाके के कई बड़े व छोटे होटलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सभी प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है।



■ मुख्यमंत्री ने पुलिस, अग्निशमन विभाग अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच के निर्देश दिए

### लापरवाही बन सकती है हादसे का सबब

थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए होटल संचालकों को चाहिए कि वे अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से अग्निशमन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बेसमेंट व अन्य स्थानों पर जमा ज्वलनशील कूड़ा-कचरा और कबाड़ को तुरंत हटाने के निर्देश दिए, ताकि आग लगने की स्थिति में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# यूपी पुलिस में 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 206 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची में लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, झांसी, बरेली और नोएडा सहित प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेटों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों को जिला पुलिस से कमिश्नरेट प्रणाली में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों को पीएसी, सीआईडी, रेलवे पुलिस और अन्य विशेष सुरक्षा इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार के आदेश के अनुसार विभिन्न जनपदों में तैनात क्षेत्राधिकारियों (सीओ) और पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी व्यापक बदलाव किया गया है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के साथ संवेदनशील और महत्वपूर्ण तैनाती दी गई है।

■ डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74360.01
निफ्टी 23416.55

सोना 156000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 259000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लिवाली लौट आई, हालांकि आईटी कंपनियों के दबाव में प्रमुख सूचकांक दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद हल्की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक (0.02 प्रतिशत) की तेजी में 74,360.01 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 10.95 अंक यानी 0,05 प्रतिशत ऊपर 23,416.55 अंक पर पहुंच गया। प्रमुख सूचकांकों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। दिनभर ए कभी लाल तो कभी हरे निशान में रहे। इस दौरान सेंसेक्स नीचे 73,807.30 अंक तक और ऊपर 74,544.24 अंक तक गया। वृहत बाजार में शुरू से ही अच्छी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत टूट गया। धातु, आईटी और रसायन सेक्टरों की कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। बैंकिंग, वित्त, फार्मा, स्वास्थ्य, ऑटो और एफएमसीजी समूहों में भी तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,396 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,815 के शेयर बढ़त में रहे और 1,471 के फिसल गए। अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 2.91 प्रतिशत, आईटीसी का 1.21 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 0.95 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 1.76 फीसदी टूट गया। बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.96 प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, सन फार्मा, एलएंडटी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे।



### सोना 545 बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 2,432 गिरकर 2.59 लाख पर आई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 4 जून को बढ़त है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 545 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये हो गया है। हालांकि चांदी के दाम में आज गिरावट है। 1 किलो चांदी की कीमत 2,432 रुपये कम होकर 2.59 लाख रुपये पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 23 हजार रुपये और चांदी 29 हजार रुपये महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10ह सोना 1.33 लाख रुपये पर था, जो अब 1.56 लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपये किलो थी, जो अब 2.59 लाख रुपये पर पहुंच गई है।

# गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव लगभग स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। गेहूं में तेजी देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 10 रुपये और मूंग दाल पांच रुपये महंगी हो गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव में टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट गिरकर 4,602 रिंगिट प्रति टन बोला गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट में 78.43 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल नौ रुपये और सरसों तेल आठ रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल 18 रुपये और वनस्पति सात रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल में चार रुपये प्रति क्विंटल का टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7723.67 रुपये, मसूर काली 8121.59 रुपये, मूंग दाल 10168.63 रुपये, उड़द दाल 10846.19 रुपये, तुअर दाल 11268.79 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2784.68 रुपये और चावल 3857.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3259.77 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार चुनिंदा आंकड़ों को दबाने, कमजोर वर्गों की उपेक्षा करने, प्रचार के माध्यम से सकारात्मक छवि पेश करने, वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बचाने की रणनीति अपनाते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना चाहिए और सभी आंकड़े सार्वजनिक कर वास्तविक स्थिति सामने रखनी चाहिए।



### अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गई चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया। पूनावाला ने गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर गांधी की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है।

# एक पेड़ मां के नाम: पर्यावरण दिवस पर यूपी में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

■ ■ विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### मंडल वार पौधारोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**लखनऊ।** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सभी मंडलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया है जिसके तहत मंडल के प्रत्येक जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे लगेंगे। मेरठ मण्डल में 19,06,000, सहारनपुर मण्डल में 14,86,000, आगरामण्डल में 24,67,000, अलीगढ़ मण्डल में 18,97,000 मुरादाबाद मण्डल में 27,60,000, बरेली मण्डल में 32,21,000, प्रयागराज मण्डल में 32,17,000, वाराणसी मण्डल में 24,83,000, मीरजापुर मण्डल में 28,63,000, गोरखपुर मण्डल में 24,75,000, बस्ती मण्डल में 16,01,000, आजमगढ़ मण्डल में 18,93,000, लखनऊ मण्डल में 62,77,000, अयोध्या मण्डल में 30,41,000, देवीपाटन मण्डल में 29,34,000, कानपुर मण्डल में 31,83,000 झांसी मण्डल में 31,67,000, चित्रकूट मण्डल में 31,29,000 लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ-साथ विभागों को ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग- 3 करोड़ कृषि विभाग- 75 लाख वन विभाग- 50 लाख उद्यान विभाग- 50 लाख पंचायती राज विभाग- 20 लाख नगर विकास- 5 लाख लक्ष्य है, जबकि कुल 5 करोड़ पौधे इस अभियान के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

### ईंधन अधिभार वसूली को लेकर पावर कॉरपोरेशन कर रहा नियमों का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर विद्युत नियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने इस संबंध में उप्र विद्युत नियामक आयोग में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 142 और 146 के तहत अवमानना एवं विधिक कार्रवाई का प्रस्ताव दायर किया है। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) की प्रस्तावित वसूली को नियमों के विपरीत करार दिए जाने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन ने कथित रूप से बिलिंग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर उपभोक्ताओं से यह राशि वसूलनी शुरू कर दी है।

# दो लाख के लिए पिता को उतारा मौत के घाट

## बाप-बेटे के रिश्ते पर कलंक! दोस्तों संग मिलकर कर दी पिता की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आम के बाग में गोली लगने से घायल हुए टेंट कारोबारी की मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार दो लाख रुपये को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद के चलते बेटे ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर पिता की हत्या की साजिश रची और बाग में सोते समय सिर में गोली मार दी।

- **पुलिस पूछताछ में बेटे आयान और उसके दो दोस्तों ने कबूला जुर्म,**
- **आम के बाग में सो रहे पिता रईस को मारी गई थी गोली**



जानकारी के मुताबिक गांव गजस्थल निवासी रईस अहमद पुत्र स्व.मुन्ने टेंट हाउस का कारोबार करते थे। इसके अलावा वह आम के बागों की ठेकदारी भी करते थे। परिवार में पत्नी शाहजहां उर्फ सज्जो के अलावा दो बेटे शोएब व आयान तथा तीन बेटियां हैं। रईस अहमद ने गांव के ही रणवीर सिंह का आम का बाग ठेके पर ले रखा था। सोमवार-मंगलवार रात फसल की रखवाली की वजह से वह बाग में ही सोए हुए थे, इसी दौरान संदिग्ध हालात में सिर में गोली लगने से वह गंभीर घायल हो गए थे। पत्नी शाहजहां को घटना की जानकारी सुबह में उस वक्त हुई थी जब वह पति के लिए चाय लेकर बाग में पहुंची थीं। आनन-फानन में परिजन लहूलुहान हालत में उन्हें पहले जिला अस्पताल तथा वहां से रेफर किए जाने मेरठ मेडिकल कॉलेज ले गए थे, जहां उपचार के दौरान बुधवार को रईस अहमद ने दम तोड़ दिया था। पोस्टमार्टम होकर घर पहुंचे शव को परिजनों ने सुपुर्दे खाक कर दिया था। वहीं, गुरुवार सुबह परिजनों द्वारा अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर देने पर पुलिस ने जब पूरे मामले की तह तक पहुंचने के लिए छानबीन शुरू की तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। दो लाख रुपये को लेकर परिवार में अंदरखाने चल रही कलह का सुराग मिलते ही पुलिस ने शक के आधार पर मृतक के बेटे आयान और गांव के रहने वाले उसके दोस्त दीपांशु पुत्र कैलाश सैनी व दीपक पुत्र महेंद्र सैनी को हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ के दौरान सख्ती बरतते ही तीनों ने रईस अहमद की हत्या करना स्वीकार कर लिया। सीओ अवधभान भदौरिया के मुताबिक हत्यारोपी बेटे आयान ने बताया है कि उसके पिता का परिवार के साथ व्यवहार ठीक नहीं था, साथ में शराब पीने की भी लत थी। तीन-चार साल से वह लगातार परिवार पर अत्याचार कर रहे थे। घर का खर्च देना बंद कर रखा था। नशे की हालत में मां के अलावा भाई-बहनों के साथ आए दिन मारपीट करते थे। उसने बताया कि आठ दिन पहले रईस अहमद ने टेंट कारोबार से दो लाख रुपये कमाए थे, जो घर लाकर मां को दे दिए थे लेकिन अगले ही दिन झगड़ा कर मारपीट करते हुए पैसे दोबारा वापस ले लिए थे। इसके बाद से वह घर नहीं आ रहे थे और खुद को परिवार से अलग-थलग कर बाग में ही सो रहे थे। सीओ ने बताया कि बेटे आयान को ये डर था कि उनके पास जो दो लाख रुपये है वो किसी को दे न दें या फिर शराब पीने में बर्बाद न करे दें लिहाजा उसने अपने दोस्त दीपांशु व दीपक के साथ मिलकर योजना तैयार की और फिर बाग में सोते समय पिता रईस अहमद की तमंचे से सिर में गोली मारकर हत्या कर दी।

# दूसरी शादी की चाह में पत्नी को घर से निकाला

## आठ माह पहले किया था प्रेम विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को घर से निकाले जाने का मामला सामने आया है। विवाहिता ने अपने पति पर दूसरी शादी करने और दहेज मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली निवासी युवती का करीब आठ माह पहले रजबपुर थाना क्षेत्र के हाकमपुर गांव निवासी एक युवक से प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के समय कोई दान-दहेज नहीं दिया गया था। विवाहिता का आरोप है कि समय बीतने के साथ ससुरालियों में दहेज का लालच बढ़ने लगा। पति उस पर दूसरी शादी करने का दबाव बनाने लगा ताकि उसे दहेज मिल सके। इसके बाद विवाहिता के साथ कथित तौर पर अभद्रता की जाने लगी और उसे घर से निकाल दिया गया। घर से निकाले जाने के बाद पीड़िता बृहस्पतिवार को रजबपुर थाने पहुंची और अपनी आपबीती सुनाई। रजबपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया है। पपसरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाइक तेज चलाने से मना करने पर किया हमला

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव तोहफापुर निवासी नौबहार सिंह ने गांव के ही एक युवक और उसके साथी पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के अनुसार, 2 जून की रात गांव भवानीपुर निवासी शुभम उर्फ छोटू अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर तेज गति से जा रहा था। नौबहार सिंह ने उसे बाइक आराम से चलाने की सलाह दी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर शुभम अपने साथी के साथ रात करीब 12 बजे नौबहार सिंह के घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट में उसका एक दांत टूट गया तथा हाथ में गंभीर चोट आई। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने डिडौली थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टूटा नाला दे रहा हादसों का दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली हाईवे से डिडौली गांव में सर्विस रोड से आबादी की ओर जाने वाले मार्ग पर नाला टूटने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले की मरम्मत के लिए कई बार एनएचएआई और उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी हैद्य लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र और वाहन चालक गुजरते हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत कराकर संभावित हादसों को रोकने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## हत्या का आरोप लगाते परिजनों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा**। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

- **दो मासूमों के सिर से उठा मां का साया**



थाना क्षेत्र के गांव खेलिया खालसा निवासी 26 वर्षीय कमलेश पत्नी सुरेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमलेश अपने पीछे पांच वर्षीय बेटी विशाखा और तीन वर्षीय पुत्र हर्षित को छोड़ गई हैं। मां की मौत के बाद दोनों मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, जिससे गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से मायके और ससुराल पक्ष के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार 22 मई को गंगा स्नान के दौरान भात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद भी हुआ था। इसके बाद रिश्तों में तनाव की चर्चा गांव में होती रही। गुरुवार को कमलेश की मौत की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग गांव पहुंच गए। उन्होंने मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और स्थिति को नियंत्रित किया। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी, थाना प्रभारी निरीक्षक हसनपुर राजेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी सैदनगली संजय प्रताप सिंह, आदमपुर थाना अध्यक्ष कोमल तोमर तथा रहरा थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जलभराव से निजात दिलाना प्राथमिकता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। नगर पालिका में गुरुवार को दिनेश यादव ने अधिशासी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनका स्थानांतरण मऊ जनपद से अमरोहा हुआ है। उन्होंने डॉ. बृजेश कुमार का स्थान लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान, शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अमरोहा को जलभराव से मुक्ति दिलाना उनकी सबसे पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का भी भरोसा दिलाया। कार्यभार ग्रहण के दौरान नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### जमीन के बंटवारे में मारपीट, वृद्ध दम्पति को घर से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के सलामतपुर गांव में जमीन के बटवारे को लेकर हुए विवाद में वृद्ध दंपति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने बेटे और बहू के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।गांव निवासी रजाक अहमद अपनी पत्नी जैतुन के साथ रहते हैं।परिवार में उनके तीन बेटे और दो पुत्रियां हैं। आरोप है कि बुधवार को बड़े बेटे मोबीन और उसकी पत्नी रूबीना ने जमीन का बटवारा करने की मांग की। इस पर रजाक अहमद और उनकी पत्नी ने कहा कि परिवार के दो बच्चों की शादी अभी बाकी हैद्य उनकी शादी होने के बाद जमीन का बंटवारा कर दिया जाएगा।इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मोबीन और रूबीना ने गाली-गलौज करते हुए वृद्ध दंपति के साथ मारपीट की और उन्हें घर से निकाल दिया।इसके बाद रजाक अहमद अपनी पत्नी जैतुन के साथ डिडौली कोतवाली पहुंचे और बेटे व बहू के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेत पर करंट लगने से किसान झुलसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के तोफापुर भवानीपुर गांव निवासी किसान अजय सिंह गुरुवार सुबह खेत पर काम करने गए थे। बताया जाता है कि गांव फत्तेहपुर माफी मार्ग स्थित खेत में बिजली के करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए।स्वजनों के अनुसार अजय सिंह की भाभी पुष्पा देवी का खेत संभल जनपद के थाना असमोली क्षेत्र के परियावली गांव निवासी जाहिद तथा गांव के ही डालचंद ने ठेके पर लिया हुआ हैद्य जहां मक्का की खेती की जा रही है। आरोप है कि खेत की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर बिजली के नंगे तारों की बाड़ लगाकर सीधे बिजली पोल से करंट प्रवाहित किया गया था।गुरुवार सुबह अजय सिंह ईंख की खुदाई करने खेत पर पहुंचे थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बिजली का संपर्क हटाकर उन्हें बचाया और उपचार के भर्ती कराया।

### घर में घुसकर मारपीट, दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव तोहफापुर में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।गांव तोहफापुर निवासी नौबहार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात गांव भवानीपुर निवासी शुभम उर्फ छोटू अपने एक साथी के साथ बाइक से तेज गति और लापरवाही से गुजर रहा था। इस पर उन्होंने शुभम को बाइक सावधानी से चलाने की सलाह दी।इसी बात से नाराज होकर शुभम अपने साथी के साथ देर रात उनके घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा।विरोध करने पर दोनों आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में नौबहार सिंह का एक दांत टूट गया तथा हाथ में गंभीर चोट आई। शोर-शराबा होने पर दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुभम उर्फ छोटू और उसके एक अन्य साथी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाइवे पर ई-रिक्शा के संचालन पर रोक

## एसपी ने ई रिक्शा चालकों को पढ़ाया पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी लखन सिंह यादव ने गुरुवार को यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और सड़क सुरक्षा समिति के साथ ई-रिक्शा चालकों की बैठक आयोजित की। इस दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित रूट पर संचालन करने, ओवरलोडिंग से बचने, यातायात संकेतों का पालन करने और वाहन के आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ई-रिक्शा में निर्धारित सुरक्षा जाली लगाने को भी कहा गया।एसपी ने चालकों को यह भी बताया कि हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित है और नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित ई-रिक्शा चालकों ने 10 जून तक सुरक्षा जाली लगाने और अपने आवश्यक दस्तावेज पूरे कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प भी लिया। बताया गया कि ई-रिक्शा में एक तरफा जाली लगने से हादसों में कमी आएगी। अक्सर देखा गया है कि ई-रिक्शा से जुड़े अधिकांश हादसे यात्रियों के गलत दिशा में उतरने के कारण होते हैं।



# भतीजी के साथ जा रहे युवक को पीटा

## दोनों घायल, चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा के नौगावा सादात थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति और उसकी भतीजी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सिरसा जट गांव निवासी इरशाद साह ने चार लोगों पर गाली-गलौज और लाठी-डंडों से हमला करने का आरा. ेप लगाया है। इस घटना में उनकी भतीजी अफशाना घायल हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इरशाद साह ने अपनी तहरीर में बताया कि यह घटना 1 जून 2026 को शाम करीब 7:30 बजे हुई। वह नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे, तभी मिट्ठेपुर के चौराहे पर उनके ही गांव के मुनताज, साकिब, आसिफ (पुत्र साबिर) और साबिर (पुत्र बल्लू शाह) ने उन्हें और उनकी भतीजी अफशाना को रोका। आरोप है कि चारों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। इस हमले में अफशाना को चोटें आईं। जब इरशाद का भतीजा फारुख उन्हें बचाने के लिए आया, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इरशाद साह ने घटना के बाद नौगावा सादात थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कानूनगो के तबादले को गरजे अधिवक्ता

## नारेबाजी कर जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। कानूनगो धीरे सिंह के तबादले की मांग को लेकर गुरुवार को बार एसोसियेशन धनौरा के अधिवक्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

अधिवक्ताओं का कहना था कि लंबे समय से धीरे सिंह कानूनगो के स्थानांतरण की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है। इससे अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान कई अधिवक्ता हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते नजर आए। एडवोकेट अनुराग कुमार ने कहा कि अधिवक्ताओं की मांग पूरी तरह न्यायोचित है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। एडवोकेट जयप्रकाश सैनी ने कहा कि अधिवक्ताओं को बार-बार आश्वासन देकर टालना उचित नहीं है। प्रशासन को मामले में तत्काल निर्णय लेना चाहिए, ताकि अधिवक्ताओं में व्याप्त असंतोष समाप्त हो सके। एडवोकेट आलोक भारती ने कहा कि बार एसोसियेशन एकजुट है और सभी अधिवक्ता सर्वसम्मति से आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं उपजिलाधिकारी शैलेश दुबे ने बताया कि कानूनगो धीरे सिंह के स्थान पर तहसील अमरोहा से स्थानांतरित होकर आए हरेंद्र सिंह को राजस्व निरीक्षक कार्यालय के रूप में कार्य आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि हरेंद्र सिंह द्वारा भूलेख कंप्यूटरीकरण से संबंधित कार्य, विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त परवाना अमलदरामद अभिलेखों का रखरखाव एवं निस्तारण, तहसील क्षेत्र से संबंधित समस्त बंधक प्रपत्रों के अंकन एवं डिस्चार्ज से जुड़े कार्य संपादित किए जाएंगे।

## अंजुमन रजाकराने हुसैनी ने सौंपा चेयरमैन को ज्ञापन

# टूटी सड़कों व पुलियों की मरम्मत की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। अंजुमन रजाकराने हुसैनी के पदाधिकारियों ने मोहर्रम से पूर्व में टूटी सड़कों व पुलियों को दुरुस्त कराने की मांग को चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा।

आगामी मोहर्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक जुलूस की शुरुआत 19 जून से हो जाएगी। बुधवार की रात जुलूस की तैयारियों के संबंध में मोहल्ला गुजरी में अंजुमन रजाकराने हुसैनी के जर्नल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी के आवास पर जलसा आयोजित किया गया। जिसमे अंजुमन के पदाधिकारियों ने चेयरपर्सन शशि जैन को ज्ञापन सौंपा कर। जुलूस से पूर्व रूट पर टूटी हुई सड़कों, पुलियों की मरम्मत के अलावा पथ प्रकाश व सफाई व्यवस्था सुचारू कराए जाने भीषण गर्मी मे सड़क पर छिड़काव कराने के लिए अलग से चार टैंकर की व्यवस्था कराने साथ ही आवारा कुत्तों को पकड़ कर दूर भेजने, टूटे स्पीड ब्रेकर दुरुस्त कराने विभिन्न सड़कों पर पानी का पाइप डालने के लिए खोदी गई सड़कों की तत्काल मरमत कराने की मांग रखी। उक्त समस्याओं का समाधान कराने के लिए चेयरपर्सन ने पालिका अधिकारियों को निर्देशित करने को आश्वस्त किया। इस अवसर पर इमदाद आब्दी, डॉ. लाडले रहबर, सभासद मोहम्मद सलमान, यासिर अंसारी, फहीम शाहनवाज, शानदार मुजतुबा, हुसैन हैदर, शान मेंहदी, मुनव्वर हैदर, नवाज रजा, शाने मुज्तबा, बहार हैदर, जाफर रजा, सैयद मुज्तबा, दायम रजा, कमाल हैदर व मौहम्मद हैदर आदि मौजूद रहे।

### धनौरा में आज नौ घंटे गुल रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विद्युत वितरण खण्ड गजरौला के अंतर्गत शुक्रवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र धनौरा देहात से जुड़े कई गांवों में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग द्वारा जर्जर 11 केवी वीसीबी पैनल बदलने का कार्य कराया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उपकेंद्र पर लगे पुराने और जर्जर वीसीबी पैनल को बदलकर नया पैनल स्थापित किया जाएगा, जिससे भविष्य में विद्युत आपूर्ति अधिक सुचारु और सुरक्षित हो सकेगी। बिजली कटौती की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने जरूरी कार्यों की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील की है।

# खेत को कोठरी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में चोरों ने आतंक मचा रखा है। ताजा मामला अगरौला कला और बसी कलां के जंगल का है। जहाँ किसान शाकिब पुत्र हामिद खां के खेत पर बनी कोठरी को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया।

चोरों ने देर रात कोठरी का ताला तोड़कर भीतर रखे कीमती कृषि उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए सामान में हिंदुस्तान कंपनी की मोटर, 12 एचपी का अल्टरनेटर, 25 मीटर केबल, स्टार्टर, सबमर्सिबल की नाल, तख्त और फावड़े शामिल हैं। पीड़ित को घटना की जानकारी अगली सुबह खेत पहुँचने पर हुई। आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन के बाद भी जब सामान का पता नहीं चला, तो पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। हसनपुर कोतवाल राजेश तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है और पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा करने का दावा कर रही है। चोरी की घटना से क्षेत्र के किसानों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है।

# सीओ ने लिए पालिका कर्मियों के बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अग्निशमन विभाग के एफएसओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी थाने पहुंचे। उन्होंने यहां के बाद सीओ कार्यालय में पहुंचकर सीओ को अपने बयान दिए।

**■ एफएसओ पर है अभद्रता का आरोप**

कहा कि एफएसओ द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। बता दें कि बीते दिन नगर पालिका के कर्मचारी बुधबाजार को व्यवस्थित ढंग से लगवाने के लिए डयूटी पर थे। उनका आरोप है कि एफएसओ फायर बिग्रेड ऑफिस के सामने दुक. ानदारों के फड़ लगवा रहे थे जबकि पालिका कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए उनसे वहां पर फड़ न लगवाने का अनुरोध किया। आरोप है कि एफएसओ ने उनके साथ दुर्व्यवहार व अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। हालांकि एफएसओ ने इन आरोपों का खंडन करते हुए पालिकाकर्मियों पर ही दुकानदारों को परेशान करने की बात कही थी। गुरूवार को सीओ अंजलि कटारिया ने कर्मचारियों के बयान लिए। पालिकाकर्मियों ने सीओ से एफएसओ के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।



# सीओ अभिषेक खीरी व शक्ति सिंह बाराबंकी स्थानांतरित

### संभल से प्रदीप कुमार व झांसी से अजय कुमार आएंगे अमरोहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। इसी क्रम में अमरोहा में पुलिस विभाग में कई अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें क्षेत्राधिकारी (सीओ) सिटी अभिषेक यादव और सीओ शक्ति सिंह शामिल हैं, जिन्हें अन्य जनपदों में भेजा गया है। अमरोहा में तैनात सीओ सिटी अभिषेक यादव का स्थानांतरण खीरी जनपद कर दिया गया है। वहीं, सीओ शक्ति सिंह को बाराबंकी जनपद भेजा गया है। इसके साथ ही, संभल जनपद से सीओ प्रदीप कुमार का अमरोहा में तबादला किया गया है। झांसी जिले में तैनात सीओ अजय कुमार श्रौतिया को भी अमरोहा भेजा गया है। पुलिस विभाग में हुए इन प्रशासनिक फेरबदल को कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए स्थानांतरण आदेशों के बाद संबंधित अधिकारी जल्द ही अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। तबादला सूची जारी होने के बाद पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर जारी है, जबकि अधिकारियों और कर्मचारियों ने नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# भूरे शाह के उर्स में कव्वालों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के तिगरी मार्ग पर स्थित पक्का पुल पर हजरत भूरे शाह रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर सालाना उर्स के दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन गुरूवार को कव्वाली का आयोजन किया गया। कव्वालों ने एक से बढ़कर एक कव्वाली पेश

**■ दुआ मांगने दरगाह पर पहुंचे पहुंचे जायरीन**

करके समां बांध दिया। चंदौसी से आये कव्वाल समीर-इस्तेकार एवं सहयोगी कलाकारों ने सबसे पहले हजरत भूरे शाह की शान में कलाम पेश किया। इसके बाद मुकाबला कव्वाली पेश की गई। इसके अलावा मेले में मीना बाजार, बच्चों के झूले व चाट-पकौड़ी के ठेले भी लगाए गए। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष जरीफ अहमद, उपाध्यक्ष भूरे खां, समाजसेवी श्यामवीर सिंह फौजी, रवि चौधरी आदि मौजूद रहे।



# अधिवक्ता ने जताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अधिवक्ता डॉ.रविन्द्र शुक्ल ने जिला सहकारी बैंक के निद. ेशक पर उनकी हत्या कराने के दस

**■ प्रेस वार्ता करके बताया पूरा घटनाक्रम**

लाख रूपये की सुपारी देने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने मीडिया के माध्यम से पुलिस प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाते हुए सुरक्षा के साथ-साथ कार्रवाई की मांग की है।

गुरूवार को लॉयर्स चैम्बर शुक्लपुरी में आयोजित वार्ता में डॉ. रविन्द्र शुक्ल ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला सहकारी बैंक के निद. ेशक चौ.वेदपाल सिंह ने तीन लोगों को उनकी हत्या करने के लिए दस लाख रूपये की सुपारी दी है। तीन व्यक्तियों में एक हत्यारोपित है तो वहीं दो अन्य पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। डॉ.शुक्ल ने बताया कि वे इस मामले में साक्ष्यों सहित एसपी से भी मिल चुके हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले में जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौधरी वेदपाल सिंह ने अपना पक्ष रखते हुए सभी आरोपों का खंडन किया। बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले डॉ.रविन्द्र शुक्ल के रिश्तेदारों से एक मकान खरीदा था। इस तरह के आरोप लगाकर ये लोग दबाब बनाना चाहते हैं। जबकि इन आरोपों में लेशमात्र भी सत्यता नहीं हैं। उनका कानून व्यवस्था में पूर्ण विश्वास है।



## पालिकाध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शहर की राजनीति में आज उस वक्त उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा, जब व्यापारी सुरक्षा फोरम ने पालिका अध्यक्ष के सफलतम 3 वर्ष पूरे होने पर उनका भव्य स्वागत किया। यह सिर्फ एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि विकास की जीत का जश्न था। व्यापारियों ने पालिकाध्यक्ष को फूलों की मालाओं से लाद दिया। उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने 3 सालों का शरिपोर्ट कार्डश पेश करते हुए विपक्षियों को भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा ये 3 साल केवल ईंट-पत्थर के नहीं, बल्कि भरोसे के निर्माण के रहे हैं। उन्होंने शहर की बदली सूरत का श्रेय जनता के सहयोग को दिया। इस अवसर कविता सैनी, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, विक्रांत शर्मा, संजय टाटा, नितिन सैनी, जयप्रकाश सैनी, संजय सहदेव, पंकज भटनागर, राजपाल सैनी, ज्योति गर्ग, तरूण अग्रवाल, रानू रस्तोगी मौजूद थे।

# पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली

### बीते दिन फैक्ट्री कर्मी के साथ हुई थी लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फैक्ट्री कर्मचारी से 24 हजार की नकदी, मोबाइल व बाइक लूट के मामले में पुलिस टीमें सक्रियता के साथ जुटी हुई हैं। सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पुलिस जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार करके घटना का खुला. सा करेगी।

बता दें कि बुधवार को अजय हसनपुर रोड स्थित उमंग डेयरीज फैक्ट्री से डयूटी करके बाइक से अपने घर जा रहे थे। वे यहां पर सुप. रवाइजर के पद पर तैनात हैं। उनके पास 24 हजार रूपये भी थे जो उन्होंने बुधवार को ही अपने दोस्त से किसी ऋण की ईएमआई जमा करने के लिए थे। जब वे दोपहर के समय अहरौला तेजवन गांव से पहले स्थित आम के बाग के सामने पहुंचे तो उन्हें दूसरी बाइक से आए तीन बदमाशों ने रोक लिया। एक बदमाश ने तमंचा दिखाया तो दूसरे बदमाश ने अजय सैनी से नकदी, मोबाइल व बाइक की चाबी छीन ली। इसके बाद दो बदमाश अपनी बाइक पर और तीसरा बदमाश अजय की बाइक लेकर बस्ती की दिशा में फरार हो गए। बदमाशों के भागते हुए की वीडियो भी सीसीटीवी में रिकार्ड हुई है। पुलिस ने घटना के बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करके काम्बिंग भी की थी मगर बदमाश पकड़ में नहीं आ सके थे। घटना के दूसरे दिन गुरूवार को भी पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज खंगाली और घटनास्थल के आसपास पहुंचकर आसपास के लोगों से भी घटना की जानकारी ली। अजय से भी बिंदुवार घटना के बारे में पता किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फैक्ट्री कर्मी के साथ हुई लूट के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। सीसीटीवी भी चैक किए जा रहे हैं। जल्द ही बदमाशों का गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## दो दोस्तों के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में अंतिम संस्कार में शामिल होने आए दो युवकों के साथ तीन युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र नगर मण्डी धनौरा के मौहल्ला सुभाषनगर निवासी अर्पित व अम्हेड़ा गांव निवासी उसके दोस्त आदित्य के साथ कलाली गांव निवासी हनी, शाहपुर निवासी सुरजीत व अनमोल सैनी ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गैस एजेंसी को नगरीय क्षेत्र में दर्ज कराने की मांग

### चेयरमेन ने डीएम को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं।** नगर पालिका अध्यक्ष राहत हसन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर में संचालित इंडेन गैस एजेंसी को नगरीय क्षेत्र में दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एजेंसी के ग्रामीण क्षेत्र में पंजीकृत होने के कारण नगरवासियों को गैस सिलेंडर मिलने में अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि नगर की अधिकांश आबादी इसी इंडेन गैस एजेंसी से जुड़ी हुई है और घरेलू गैस पर ही निर्भर है। वर्तमान व्यवस्था में गैस बुक कराने के बाद उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति के लिए 10 से 15 दिन तक इंतजार करना पड़ता है, जबकि नया सिलेंडर मिलने में लगभग 45 दिन लग जाते हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि यदि गैस एजेंसी को नगरीय क्षेत्र में दर्ज कर दिया जाए तो गैस आपूर्ति का समय 45 दिन से घटकर लगभग 25 दिन होने की संभावना है। इससे नगर की जनता को राहत मिलेगी और उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि जनहित को देखते हुए गैस एजेंसी को नगरीय क्षेत्र में दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए, ताकि नगरवासियों को समय पर गैस उपलब्ध हो सके और उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

# ट्रक ने फाटक का बूम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन के लिये फाटक बंद करते समय एक ट्रक ने जल्दबाजी दिखाते हुए एक बूम तोड़ दिया। घटना के बाद दस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। सेफ्टी बूम लगाकर ट्रेन को कासन पर पास कराया गया।

गुरुवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे बजे भानपुर फाटक का गेटमैन मुरादाबाद से दिल्ली जा रही आनंद विहार एक्सप्रेस पास कराने के लिए फाटक बंद कर रहा था, तभी एक ट्रक ने जल्दबाजी दिखाते हुए टक्कर मारकर एक बूम तोड़ दिया। घटना के बाद गेटमैन ने सूचना कंट्रोल को दी और ट्रेन आउटर पर करीब दस मिनट तक खड़ी रही। कण्ट्रोल के निर्देश पर पहुंची आरपीएफ ने सेफ्टी बूम लगवाकर ट्रेन को कासन पर पास कराया और आरपीएफ ट्रक को कब्जे में लेकर रेलवे स्टेशन पर ले गई। इधर कर्मचारी बूम को सही करने में जुट गए। करीब दो घंटे तक फाटक बंद रहा। गेटमैन ने जब ट्रक आ रहा था, तब उसे रोकने को कई आवाज दीं मगर ट्रक चालक फोन पर बात कर रहा था।

# जिले में दस केन्द्रों पर सम्पन्न होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

### आठ से दस जून तक चलेगी परीक्षा, 28 हजार 244 अभ्यर्थी होंगे सम्मिलित, तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रशासन द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां युद्ध स्तर पर की गयी हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के 28 हजार 224

**■ डीएम-एसपी ने बैठक लेकर दिए सख्त निर्देश**

अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जिले में परीक्षा के लिए दस केन्द्र बनाये गये हैं। दो पालियों में सम्पन्न हो गयी। परीक्षा को नकलविहिन व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थपकों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिये।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों की जांच के लिए अलग-अलग स्टाफ की तैनाती की जाए तथा सभी कार्मिकों के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिले में 8, 9 और 10 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 28,224 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक पाली में 4,704 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। डीएम ने सभी केंद्रों पर पेयजल, बिजली, प्रकाश व्यवस्था, जनरेटर, मेडिकल टीम और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के बैग रखने के लिए क्लॉकरूम की व्यवस्था करने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, यूएसबी ड्राइव, कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और जोया पुलिस चौकी पर परीक्षा सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की व्यापक निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, भर्ती बोर्ड के पर्यवेक्षक विक्रांत द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




### इन केन्द्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा

**अमरोहा।** तीन दिनों तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए नगर के दस कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिनमें एकेके, इंटर कालेज, भगवत सरन इंटर कालेज जोया, राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज, जेएसएच इंटर कालेज, जेएस हिंदू पीजी कालेज अमरोहा ब्लाक-ए व बी, कुंदन माडल इंटर कालेज और सिख इंटर कालेज जोया को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# विवाहिता की मौत में पति दोषी करार

### कोर्ट आज सुनाएगा सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित की जा रही विवाहिता की मौत के मामले में अदालत ने पति को दोषी ठहराया है। करीब ढाई साल पुराने इस चर्चित मामले में अब सजा के प्रश्न पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

बिजनौर जिले के गांव नारायणवाला निवासी श्रीराम सिंह ने अपनी बेटी सोनी की शादी 6 अप्रैल 2018 को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव महेश्वरा निवासी सुरेश से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दो लाख रुपये और बुलेट की मांग को लेकर सोनी का प्रताड़ित करते थे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। तीन दिसंबर 2023 को संदिग्ध परिस्थितियों में सोनी की मौत हो गई थी। मामले में मृतका के पिता श्रीराम ने सोनी के पति सुरेश, गांव अतरासी कलां निवासी सुरेश के बहनोई सुंदर सिंह और मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव अहरौला निवासी जयवीर सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुंदर सिंह और जयवीर सिंह का नाम निकालते हुए सुरेश के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र गर्ग कर रहे थे। गुरुवार को कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर सुरेश को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शुक्रवार को कोर्ट में सजा के प्रश्न पर सुनवाई होगी।

# CCTV में कैद हुई डेढ़ करोड़ की लूट के बाद की तस्वीर, कंधे पर माल लटकाए आराम से निकल गए चारों लुटेरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कारोबारी के घर में हुई करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लूट की वारदात के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे मामले को और अधिक सनसनीखेज बना दिया है। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चारों बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद बिना किसी हड़बड़ाहट के घर से बाहर निकलते हैं और एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो जाते हैं। उनके पास लूटे गए सामान से भरा बैग भी मौजूद है।

जानकारों के अनुसार, बदमाशों ने पहले कारोबारी और उसके परिवार को बंधक बनाया और फिर घर में रखी नकदी तथा कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद जब आरोपी बाहर निकले तो उनके चेहरे पर किसी प्रकार का डर नजर नहीं आया। सीसीटीवी फुटेज में वे पूरी सहजता के साथ मोटरसाइकिल तक पहुंचते हैं और फिर मौके से निकल जाते हैं। फुटेज में एक दूसरी बाइक भी दिखाई दे रही है, जिस पर सवार व्यक्ति को पुलिस लुटेरों का सहयोगी मान रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह व्यक्ति पूरे ऑपरेशन के दौरान निगरानी कर रहा था और भागने में मददगार बना। पुलिस इस दिशा में भी जांच आगे बढ़ा रही है। घटना के बाद से पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर भी छानबीन की जा रही है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की श्रृंखला खंगालकर बदमाशों के भागने के पूरे रूट को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर, इतनी बड़ी वारदात के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द आरो. पियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो व्यापारिक संगठन आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज को जांच का अहम आधार मानते हुए जल्द खुलासे का दावा कर रही है।



**संबंध विच्छेद**

मेरा बेटा मौहम्मद परवेज गलत संगत में पड़ गया है तथा अपनी पत्नी रिजवाना के साथ मिलकर परिजनों से मारपीट व विवाद व आपस में भी पति-पत्नी दोनों झगड़ा करते रहते हैं। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने उनसे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

नाजिर हुसैन पुत्र श्री अलीमुद्दीन निवासी ग्राम गढ़ी थाना कांठ जिला मुरादाबाद

**शाह टाइम्स**

सभी प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें

नासिर अली, ब्यूरो चीफ

कार्यालय- मौहल्ला नल, निकट पानी की टंकी, अमरोहा

9927099499

# पप्पू गुप्ता हत्याकांडः एसपी की बड़ी कार्रवाई

## लापरवाही पर बिलसंडा थाना अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा लाइन हाजिर, जगदीप मलिक को कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिलसंडा कस्बे में हुए चर्चित पप्पू गुप्ता हत्याकांड मामले में पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कानून व्यवस्था और कर्तव्य पालन में ढिलाई बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बिलसंडा थाना अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह अब उप निरीक्षक जगदीप मलिक को बिलसंडा थाने की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।







गौरतलब है कि यह वारदात बीते 28 मई को बिलसंडा कस्बे में दिनदहाड़े हुई थी। पुलिस जांच के अनुसार, स्थानीय व्यापारी पंकज का अपने ससुराल पक्ष से पुराना विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते ससुराल पक्ष की शह पर आठ बदमाश पंकज को धमकाने और सबक सिखाने के इरादे से उसकी दुकान पर पहुंचे थे। थाने से करीब एक किलोमीटर दूरी पर पंकज और बदमाशों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान पंकज के पड़ोसी व्यापारी पप्पू गुप्ता बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन बदमाशों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। थाने के पास हुई इस हत्या से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया और अब तक मुख्य साजिशकर्ताओं सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

एसपी सुकीर्ति माधव ने घटना के तुरंत बाद भी लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त रुख अपनाया था। वारदात के बाद सबसे पहले एक दारोगा अनिल कुमार और दो कांस्टेबलों को निलंबित किया गया था। इसी कड़ी में अब कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए थाना अध्यक्ष सिद्धांत शर्मा पर भी गाज गिरी है और उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्राईवेट बस ने ई रिक्शा को रौंदा, दो की मौत, दो घायल

- पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को पकड़ा
- घुंघचाई-मैगलगंज हाईवे पर तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** गुरुवार सुबह पांच बजे अमन ट्रैवल्स की बस हरियाणा के पानीपत से मजदूरों को लेकर घुंघचाई बायां मैगलगंज हाईवे से पूरनपुर जा रही थी। पूरनपुर के मुहल्ला राजीवनगर निवासी ई-रिक्शा चालक महबूब सवारियों को बैठाकर बलरामपुर जा रहा था।

गांव घुंघचाई में उदरहा तिराहे के पास तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार सूरज (38) पुत्र गबधू निवासी कढ़ैया कनपारा, बाबूराम पुत्र पूरनलाल 52 निवासी बलरामपुर , विवेक (13) पुत्र सुरेन्द्र उसकी बहन मीनाक्षी (9), ई-रिक्शा चालक महबूब (50) गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से बमुश्किल ई-रिक्शा में फंसे घायलों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस और पीआरबी की मदद से सीएचसी लाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने सूरज व एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरु की है।

## एक नजर

### तहसील पहुंची रसमलाई में निकला कॉकरोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील में बुधवार को सरकारी स्टाफ के लिए मंगाई गई रसमलाई में मरा हुआ कॉकरोच मिलने से हड़कंप मच गया। तहसील कर्मियों ने मामले की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग से कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार तहसीलदार के पेशकार संजीव कुमार ने स्टाफ के लिए कस्बे की श्हनुमान स्वीट्सश से रसमलाई मंगाई थी। कार्यालय में अमीन विनोद कुमार जब मिठाई खाने लगे तो दोने में कॉकरोच देखकर चौंक गए। खबर फैलते ही अन्य कर्मचारी मौके पर जुट गए और नाराजगी जताई। तहसील कर्मियों ने दुकान मालिक वीरेंद्र जायसवाल से शिकायत की। फोन पर वीरेंद्र ने गलती स्वीकार कर स्टाफ की लापरवाही बताया और भविष्य में ऐसी चूक न होने का आश्वासन दिया। हालांकि तहसील प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए फूड सेफ्टी विभाग को सूचना दी है। टीम द्वारा दुकान पर जांच और सैंपलिंग की तैयारी है। शेरपुर कलां में भी मिठाई की दुकान पर सड़को पर लापरवाही नजर आ रही है शेरपुर कलां में मेन रोड पर मिठाई की दुकानों पर खुले में मिठाई बेची जा रही है। दिनभर ट्रैफिक से उड़ने वाली धूल मिठाई और समोसों पर जमती रहती है। इससे फूड प्वाइजनिंग का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव-क्षेत्र में डायरिया, टायफाइड व बुखार के मामले बढ़ रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार खुले में मिठाई बेचने वाले दुकानदारों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। तहसील प्रशासन ने कहा कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सांसद जितिन प्रसाद के दो वर्ष पूरे होने पर भंडारा, वृद्धाश्रमों में बांटे फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर किसान नेता देव स्वरूप पटेल के नेतृत्व में समर्थकों ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। साथ ही, कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वृद्धाश्रमों में जाकर बुजुर्गों को फल बांटे और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने सांसद की प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले 24 महीनों में पीलीभीत, बीसलपुर, पूरनपुर, बरखेड़ा और बहेड़ी विधानसभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। इनमें शारदा नदी पर 3 किमी लंबा पुल, आसाम चौराहे का फ्लाईओवर और बरखेड़ा-टांडा में बासमती प्रोत्साहन व आयात-निर्यात केंद्र का निर्माण मुख्य है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत को विकसित जनपद बनाना ही सांसद का मुख्य संकल्प है। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने जितिन प्रसाद को विकासपरक और सरल स्वभाव का जनप्रतिनिधि बताया। कार्यक्रम में देव प्रकाश गंगवार, राजकुमार सैनी, अशोक कुमार, जगरानी, नरेश विश्वास और मंजू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बंजरिया में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुपर किंग ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी**

**पूरनपुर।** बंजरिया में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। आयोजन नितिन शर्मा, अमृतपाल वर्मा व विशेष शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत वार्ड नं. 09 के पूर्व प्रत्याशी सदस्य रजनीश रामशर्मा पाण्डेय और भाजपा नगर महामंत्री पूरनपुर नवनीत मिश्रा ने फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं। पहला मैच बंजरिया सुपर किंग और रॉयल क्लब धरमंगदपुर के बीच खेला गया। बंजरिया सुपर किंग के कप्तान शोभित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टूर्नामेंट को लेकर गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान गांव के अवनीश मिश्रा उर्फ लल्ला, गोपाल मिश्रा, रामगोपाल मिश्रा समेत अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### हज से लौटे हाजी मुहम्मद असलम का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**इस्लामनगर।** हज मुकद्दस सफर पूरा कर 13 दिन के मुबारक सफर के बाद लौटे हाजी मुहम्मद असलम (ग्राम विकास अधिकारी) का एयरपोर्ट पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। फूल-मालाएं पहनाकर, गले मिलकर और दुआओं के साथ उनका इस्तकबाल किया गया। इस दौरान परिजनों से मुलाकात का भावुक नजारा देखने को मिला। हाजी मुहम्मद असलम के इस्लामनगर स्थित आवास पहुंचते ही मुबारकबाद देने वालों का तांता लग गया। नगर के लोगों, रिश्तेदारों और दोस्तों ने उनसे मुलाकात कर हज की मुबारकबाद पेश की। हाजी मुहम्मद असलम ने अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ करने की बात कही। स्वागत के दौरान खुशी का माहौल रहा और लोगों ने हाजी के लौटने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। देर शाम तक उनके आवास पर मिलने-जुलने वालों का सिलसिला जारी रहा।

### बड़े बकायादारों की खैर नहीं, कुर्क होगी संपत्तिः हारिस खान

**बिसौली।** सरकारी बैंकों से कर्जा लेकर जमा न करने वाले डिफाल्टर बकायादारों के खिलाफ तहसील प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार मो. हारिस खान और पीएनबी शाखा बिसौली के प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा के नेतृत्व में बैंक व राजस्व टीम ने बड़े बकायादारों के विरुद्ध अभियान चलाया। बैंक व तहसील प्रशासन की कार्यवाही से बकायादारों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार मो. हारिस खान ने बताया कि एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी एवं तहसीलदार के निर्देश पर क्षेत्र में बसूली अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य बकायादारों को भी नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है, कि समय रहते बकाया राशि जमा कर दें। अन्यथा उनके खिलाफ भी आरसी की कार्रवाई कर संपत्ति जब्त और कुर्क की करवाई की जाएगी। इस दौरान पीएनबी के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने बकायादारों को आगाह किया कि अगर समय पर कर्ज नहीं चुकाया गया तो तहसील प्रशासन द्वारा संपत्ति कुर्क की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपने पुत्र **संजीव** व उसकी पत्नी **सोनम** को गलत व्यवहार के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इन दोनों का मुझसे और मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**धर्म सिंह** पुत्र **शिव चरन**
निवासी ग्राम रफातपुर पोस्ट बादली, थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

# दस साल बाद बढ़ी शासकीय अधिवक्ताओं की फीस

- फीस बढ़ने पर कचहरी में शासकीय अधिवक्ताओं ने बांटी मिठाई
- पिछले कई सालों से फीस बढ़ाने के लिए सरकार से कर रहे थे मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सरकार की तरफ से मुकदमों को लड़ने वाले सरक. ारी वकील (शासकीय अधिवक्ता) लंबे समय से मानदेय बढ़ने का इंतजार कर रहे थे। इसके लिए कई बार सरकार को प्रस्ताव भेजा गया। दस साल बाद अब सरकारी वकीलों का मानदेय बढ़ा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शासकीय अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता (अपराध) महेंद्र गंगवार ने कहा कि अधिक्ता सरकार की तरफ से मुकदमे लड़ता है। साक्ष्यों को अदालत में पेशकराकर बहस आदि करके अभियुक्तों को सजा कराने में उसकी मुख्य भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार से शासकीय अधिवक्ताओं की फीस बढ़ाने की मांग की जा रही थी। जिसे मानते हुए सरकार ने शासकीय अधिवक्ताओं के हित में इसे बढ़ा दिया। इससे सभी शासकीय अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है। सरकार की तरफ से फीस बढ़ने पर बृहस्पतिवार को शासकीय अधिवक्ताओं ने कचहरी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर सहायक शासकीय अधिवक्ता (अपराध) बृजेंद्र मोहद दीक्षित, कुश कुमार वर्मा, विमल वर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, नरेंद्र गंगवार, नंदन बाबू गंगवार, रवि गंगवार, संजय पांडे,रोहित शुक्ला,अमित शुक्ला, रेखा शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मनोज मिश्रा मौजूद रहे। सभी शासकीय अधिवक्ताओं ने सरकार का आभार जताया।



# डा. परविंदर सिंह सैहमी वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

- पीलीभीत की मिट्टी और तिरंगे का मान बढ़ाना मेरा एकमात्र लक्ष्यः डा.सैहमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** शहर के प्रतिष्ठित बेन हर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. परविंदर सिंह सैहमी आगामी वर्ल्ड टेबल टेनिस मास्टर्स चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 4 जून को दक्षिण कोरिया रवाना हो गये। इस प्रतियोगिता में लगभग 90 देशों के 5000 से अधिक खिलाडी भाग लेंगे। ये प्रतियोगिता 6 जून को उद्घाटन होने के बाद 12 जून तक लगातार चलेंगी।



भारतवर्ष से विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 85 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 70+ आयु वर्ग में भारत से लगभग 8 खिलाडी भाग ले रहे हैं जिनमें डा. सैहमी भी एक हैं। डा. सैहमी भारत की ओर से खेलेंगे। ITTF द्वारा जारी ड्रॉ के अनुसार उनका मुकाबला प्रथम राउण्ड में दक्षिण कोरिया के खिलाडी कंग म्योंग क्वान जर्मनी के खिलाड़ी स्टार्ट मुलर माइकल स्लोवाकिया के खिलाडी कोवाल पीटर से टेबल नंबर 8 पर होगा। कोरिया रवाना होने से पहले डा. सैहमी ने बताया कि 70 वर्ष की आयु में देश के लिए खेलना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। "पीलीभीत की मिट्टी और तिरंगे का मान बढ़ाना मेरा एकमात्र लक्ष्य है। मैं शहर के युवाओं को संदेश देना चाहता हूं कि उम्र सिर्फ एक संख्या है, हौसला जवान होना चाहिए।" डा सैहमी पिछले 50 वर्षों से शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी भी रह चुके हैं। पिछले वर्ष रोम में आयोजित किये गये टेबिल टेनिस वर्ल्ड मास्टर चैम्पियनशिप में भी प्रतिभाग किया और सांत्वना मैडल प्राप्त किया। दक्षिण कोरिया रवाना होने से पहले जिला टेबिल टेनिस एसोसियेशन के अध्यक्ष गुरदित्त सिंह सैहमी, सचिव गुरसेवक सिंह व अन्य खिलाड़ी रमनदीप सिंह, अमन सिंह, देव सिंह, राजेन्द्र मौर्य, त्रिलोक सिंह, मनोज भास्कर, राजेश शर्मा एडवोकेट ने डा सैहमी को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# उच्च रक्तचाप नियंत्रण अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर

- 17 जून से 16 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान
- इस्लामनगर थाने में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया उच्च रक्तचाप जांच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) नियंत्रण अभियान एवं स्कैनिंग आउटरीच प्लान के तहत मंगलवार को थाना इस्लामनगर परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिसकर्मियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 17 जून से 16 जुलाई तक विभिन्न सरकारी एवं सार्वजनिक संस्थानों में कैंप लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। इसी क्रम में थाना परिसर में आयोजित कैंप में रक्तचाप, शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

शिविर में एलएमओ डॉ. शाहीन, एमपीडब्ल्यू जयवीर एवं पिंटू ने लोगों की जांच की और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर जांच और नियमित उपचार से उच्च रक्तचाप के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव से बचाव तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह भी दी। अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है।

इस दौरान थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डॉ. भुवन चंद्र पंथ के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई गति

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पीलीभीत।** जनपद में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवन चंद्र पंथ के पदभार ग्रहण करने से स्वास्थ्य विभाग में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके अनुभव एवं प्रशासनिक दक्षता से जनपद की चिकित्सा व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

जनपदवासियों को विश्वास है कि डॉ. पंथ के नेतृत्व में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य होंगे। डॉ. भुवन चंद्र पंथ के आगमन से स्वास्थ्य विभाग में नई कार्यसंस्कृति, पारदर्शिता एवं जनस. ेवा की भावना को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

डॉक्टर पंथ ने कहा बहुत जल्द ही जनपद के सभी एमओआईसी से संयुक्त मीटिंग की जाएगी जो भी समस्याएं होगी उन पर चर्चा कर निष्पादन कर स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर की जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## अवैध रूप से चल रहा मां गंगा अस्पताल सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** कस्बा उसैहत में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को संचालित मां गंगा अस्पतालश पर छापेमारी कर सील कर दिया। यह अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के अवैध रूप से चलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान अस्पताल संचालक मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज या डिग्री प्रस्तुत नहीं कर सका।

जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि उसैहत कस्बे में एक अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहा है, जहां मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विकास शर्मा के निर्देश पर नोडल अधिकारी झोलाछाप डॉ नवनीत कुमार के नेतृत्व में बाबू नितिन यादव ने गुरुवार को अस्पताल पर औचक छापा मारा।

छापेमारी के दौरान टीम ने अस्पताल के पंजीकरण और डॉक्टरों की डिग्री से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद नोडल टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया।



स्वास्थ्य विभाग की इस औचक कार्रवाई से कस्बे और आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल चलाने वाले झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। विभागीय टीम का कहना है कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध चिकित्सा संस्थान नहीं चलने दिए जाएंगे और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 7 लाख 20 हजार पौधों का होगा रोपड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में शासन स्तर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 07 लाख 20 हजार का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये अपने अपने परिसर व खाली पड़ने स्थानों, तालाबों एवं नदियों के किनारे एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाऐं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जन जागरूकता अभियानों और वृक्षारोपण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस को व्यापक स्तर पर मनाया जाए, जिसमें आमजन, विशेषकर युवाओं और स्कूली बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कराने, प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाने और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाने जैसे कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया गया।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा, जिला पंचायतराज अधिकारी, डीसी मनरेगा, उपायुक्त स्वतः रोजगार, अधिशासी अभियन्ता, सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला पूर्ति अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खासपुर में घंटों लेट पहुंचीं एएनएम

- टीकाकरण केंद्र पर हंगामा
- भीषण गर्मी में परेशान हुई महिलाएं-बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** खासपुर टीकाकरण केंद्र पर बुधवार को ।छड के घंटों देर से पहुंचने पर हंगामा जैसे हालात बन गए। टीका लगवाने आई गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को करीब एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार केंद्र पर सुबह से ही दर्जनों महिलाएं और बच्चे पहुंच गए थे। लेकिन निर्धारित समय पर एएनएम के न आने से टीकाकरण कार्य ठप रहा। भीषण गर्मी में महिलाएं बच्चों को लेकर केंद्र पर बैठी रहीं। महिलाओं का आरोप है कि वे समय से केंद्र पहुंच गई थीं, लेकिन स्टाफ के देर से आने के कारण उन्हें परेशानी झेलनी पड़ी।

स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। एएनएम के पहुंचने के बाद ही टीकाकरण शुरू हो सका। खासपुर से सामने आए इस मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से समय पर स्टाफ भेजने और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# अग्रवाल समाज ने दुखदः अग्निकांड के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**बिसौली।** होटल फ्लोरिश में बुधवार को लगी आग में गुरुग्राम में रहने वाले अग्रवाल परिवार के आठ सदस्यों की मौत के चलते अग्रवाल समाज ने सभी मृतकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर की श्री रामकृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में अग्रवाल समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित कर एवं मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मृतकों के परिजनों को दुख सहन करने के लिए प्रार्थना की। मालूम हो कि अग्रवाल परिवार के सभी सदस्य दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती राधेश्याम अग्रवाल को देखने आए थे। राधेश्याम अग्रवाल उस समय वेंटिलेटर पर थे। इसी दौरान परिवार के सदस्य होटल फ्लोरिश में रुके थे। दुर्भाग्यवश, वे होटल में लगी आग के कारण हादसे का शिक. ार हो गए। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, रोटरी क्लब के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव पुनीत अग्रवाल, अमरदीप गर्ग, पुष्पेन्द्र नाथ गर्ग, शुभम गर्ग, आलोक गर्ग, अशोक अग्रवाल, पराग गोयल, जतिन अग्रवाल, केशव अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, अनमोल गर्ग, ध्रुव गर्ग आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
भूगर्भ जल विभाग, मण्डल-प्रथम, 35यू/4बी, रामपुरबाग, बरेली।
Phone No:- 0581-2568086
Fax No:- 0581-2568086
E-mail:- se.gwdup@gmail.com

पत्रांक : 28 /भू0ज0वि0मं0-1/बी-7/ दिनांक , बरेली मई 22,2026

**- विज्ञप्ति-**

**कार्यालय हेतु किराये के भवन की आवश्यकता**

अधीक्षण अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग मण्डल प्रथम बरेली के मण्डल कार्यालय भवन हेतु बरेली शहर में सिविल लाइंस बरेली अथवा समीपवर्ती अन्य क्षेत्रों में लगभग 3000 वर्ग फुट कारपेट एरिया वाले भवन की आवश्यकता है भवन में अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु पर्याप्त कमरों के साथ संयुक्त एवं कामन शौचालय/बाथरूम तथा पार्किंग का स्थान, गैराज आदि उपलब्ध हो भवन का किराया जिलाधिकारी के किराया औचित्य प्रमाण-पत्र के आधार पर निहित प्रकिया के अनुसार ही देय होगा।

इच्छुक भवन स्वामी अपना प्रस्ताव, भवन के मानचित्र, हाउस टैक्स, अद्यतन माह का भुगतानित विद्युत बिल एवं अन्य सम्बन्धित अभिलेखों इत्यादि के साथ अपने सहमति प्रमाण-पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 10 दिवस के अन्दर अधीक्षण अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग मण्डल-प्रथम बरेली 35यू/4बी रामपुर बाग बरेली स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं।

(सौरभ साह)
आहरण वितरण अधिकारी

UPID-252093, DATE-03/06/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# न्यायालय के आदेश से हुए बंटवारे के बाद मेड़ तोड़ने का आरोप

**पांच नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव सुजातपुर निवासी शमशीर जहां पत्नी तोला अली ने खेत के बंटवारे के बाद मेड़ तोड़ने और पक्के तूदे उखाड़ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पांच नामजद समेत चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शमशीर जहां के अनुसार रईनगला गांव स्थित गाटा संख्या 157 में 0.376 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जिसमें वह आधी हिस्सेदार हैं। भूमि के बंटवारे को लेकर उन्होंने एसडीएम न्यायालय में वाद दायर किया था। न्यायालय द्वारा प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद भूमि का बंटवारा कर दिया गया तथा सहखातेदारों की खतौनी भी अलग-अलग दर्ज हो गई।आरोप है कि एसडीएम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 30 मई को राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में मौके पर भूमि का सीमांकन कर पक्के तूदे लगवाए और मेड़ बनवाई थी।

अगले दिन 31 मई को जब वह खेत पर पहुंचीं तो आरोपियों ने पक्के तूदे उखाड़ लिए और खेत की मेड़ तोड़ दी। विरोध करने पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर चले गए।पुलिस ने शमशीर जहां की तहरीर पर असगर अली, शाने अली, मुसब्बिरी, नसीम जहां, असगर अली के पुत्र तथा चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरेली बवाल में हथियार सप्लाई के आरोपी से विदेशी पिस्टल बरामद

## पुलिस रिमांड में गफ्फार खां की निशानदेही पर मिले दो तमंचे और 12 कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** वर्ष 2025 में हुए चर्चित बरेली बवाल में इस्तेमाल किए गए हथियारों की सप्लाई के आरोपी गफ्फार खां की निशानदेही पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी पिस्टल समेत कई अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसके बाद यह बरामदगी हुई।



पुलिस के अनुसार गफ्फार खां पुत्र बुलंद खां निवासी ग्राम दरऊ, थाना किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) को बरेली बवाल में हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने अदालत से अनुमति लेकर आरोपी को रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान गफ्फार खां ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ हथियार नारायण नगला रोड स्थित एक बंद पड़े ईंट-भट्टे में ईंटों के चट्टों के बीच छिपाकर रखे हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वहां से एक विदेशी पिस्टल 7.65 बोर, सात जिंदा कारतूस 7.65 बोर, दो अवैध देशी तमंचे 315 बोर तथा पांच जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरेली बवाल में इस्तेमाल हुए हथियारों के नेटवर्क की जांच लगातार जारी है। आरोपी से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानका. रियां मिली हैं, जिनके आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। बरामद हथियारों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

पुलिस का दावा है कि अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अभियान जारी रहेगा। मामले में पहले भी कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## एक नजर

### पुलिस ने छह वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट की तामील के लिए मीरगंज पुलिस ने बुधवार रात विशेष अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पंकज कुमार एवं जय प्रकाश की टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर छह वारंटियों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने अभियान के दौरान सत्यपाल निवासी ग्राम अजमतगंज, अनिल कुमार निवासी ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज, अंकित एवं सोहन लाल निवासी ग्राम हुरहुरी, अजहर निवासी मोहल्ला अफसरायान तथा गुड्डू निवासी मोहल्ला बाबरनगर कस्बा मीरगंज को गिरफ्तार किया।थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों की तामील के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।



### बेटा मानकर सौंपी जिम्मेदारी, युवक पर 3.88 लाख रुपये हड़पने और बेटी की फोटो वायरल करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** पुत्र न होने पर पड़ोस के एक युवक को बेटा मानकर खेती-किसानी और हिसाब-किताब की जिम्मेदारी सौंपना एक महिला को भारी पड़ गया। महिला ने युवक पर 3.88 लाख रुपये तथा फसल की उपज हड़पने और पुत्री के फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव नथपुरा निवासी दर्शन देवी के पति राधेश्याम का निधन हो चुका है। उनका कोई पुत्र नहीं है। आरोप है कि उन्होंने पड़ोस में रहने वाले हरीओम पुत्र रूपचंद को पुत्र समान मानते हुए घर के कामकाज, खेती-किसानी और हिसाब-किताब की जिम्मेदारी सौंप रखी थी।दर्शन देवी का आरोप है कि हरीओम की नीयत उनके रुपये और संपत्ति पर आ गई तथा वह उन्हें प्रताड़ित करने लगा। जब उन्होंने अपने 3 लाख 88 हजार 500 रुपये और खेत में हुई सरसों, धान एवं गेहूं की उपज का हिसाब मांगा तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया।महिला ने आरोप लगाया कि हरीओम ने उनकी पुत्री के फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया।पीड़िता की तहरीर पर मीरगंज पुलिस ने आरोपी हरीओम निवासी नथपुरा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर कर दिया गया।

पहली घटना बुधवार शाम करीब 5:30 बजे हुरहुरी मार्ग पर हुई। ठिरिया खुर्द निवासी आशा देवी पत्नी श्यामा चरन अपने बेटे के साथ स्कूटी से अपने गांव जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे साइकिल सवार छोटेलाल पुत्र रामचरन निवासी दियोसास से उनकी स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में आशा देवी और छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सीएचसी मीरगंज लेकर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि आशा देवी के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।वहीं दूसरी घटना मीरगंज-सिरोली रोड पर खुशबू धर्म कांटा के पास हुई। चुरई दलपतपुर निवासी धर्मेंद्र मोटरसाइकिल से मीरगंज आ रहा था। इसी दौरान सिरौली की ओर से आ रहे साइकिल सवार राम सहाय पुत्र सेवाराम निवासी लभेड़ा दुर्गा प्रसाद से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में राम सहाय का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि धर्मेंद्र भी घायल हो गया।दुर्घटना के बाद धर्मेंद्र घायल राम सहाय को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज लेकर पहुंचा। चिकित्सकों ने राम सहाय की हालत गंभीर देखते हुए उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में 7.80 लाख पौधों का होगा रोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2026 के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद बरेली में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जनपद में कुल 7 लाख 80 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के लिए जनसहभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए।

निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वन विभाग द्वारा 7 हजार, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 5 लाख 12 हजार, पंचायती राज विभाग द्वारा 34 हजार, कृषि विभाग द्वारा 1 लाख 29 हजार, उद्यान विभाग द्वारा 85 हजार, नगर निगम द्वारा 3 हजार तथा नगर निकायों द्वारा 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विभागवार नोडल अधिकारियों को भी नामित किया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़क किनारों, एक्सप्रेस-वे, नदियों एवं नहरों के तटों, विद्यालय परिसरों, पंचायत भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अधिकाधिक पौधरोपण किया जाए। साथ ही स्थानीय जलवायु एवं पारिस्थितिकी के अनुरूप फलदार एवं छायादार प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाए।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:** एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ब्रिगेडियर अमित कुमार चंद ने एनसीसी कैंप का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रिठौरा स्थित राजश्री इंस्टिट्यूट में चल रहे 21वीं वाहिनी एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के उप महानिदेशक ब्रिगेडियर अमित कुमार चंद ने निरीक्षण किया। इस दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल होशियार सिंह एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल संजय नायर ने उनका स्वागत किया।

एनसीसी कैडेटों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।निरीक्षण के दौरान ब्रिगेडियर अमित कुमार चंद ने कैडेटों को दिए जा रहे प्रशिक्षण, आवासीय व्यवस्था एवं खान-पान की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैंप की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत के बल पर जीवन के किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

साथ ही उन्होंने बताया कि एनसीसी का प्रमुख उद्देश्य युवाओं का चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कैंप प्रभारी डॉ. अंचल अहेरी ने बताया कि शिविर में करीब 600 कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, हेल्थ एंड हाइजीन, बाधा दौड़, युद्ध कौशल तथा नेतृत्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस अवसर पर सूबेदार मेजर प्रवीण कुमार सहित एनसीसी के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में व्यापारियों की बैठक, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को कस्बे के सिंधौली चौराहे पर व्यापारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में व्यापारियों ने बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने की मांग करते हुए जल्द आंदोलन शुरू करने की चेता. वनी दी।

बैठक को संबोधित करते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अकरम खान ने कहा कि बिजली बिलों में 10 प्रतिशत की वृद्धि से बाजार में आवश्यक वस्तुओं के दाम 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि गैस, डीजल और पेट्रोल के बाद बिजली की बढ़ती कीमतों का सीधा असर कुटीर, घरेलू, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा व्यापार पर पड़ेगा, जिससे इनका संचालन कठिन हो जाएगा।उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण के लिए बिजली की बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने एलएमवी-2 श्रेणी के कनेक्शनों पर लगाए जा रहे न्यूनतम शुल्क को समाप्त करने तथा नए बिजली कनेक्शन के लिए स्मार्ट मीटर की दरें कम करने की भी मांग उठाई।बैठक में व्यापारियों ने चेता. वनी दी कि यदि बढ़ी हुई बिजली दरें वापस नहीं ली गईं तो प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।बैठक में जिला महासचिव कमल गुप्ता, शशांक गुप्ता, प्रदीप गर्ग, बादशाह, जावेद आलम, राजेश दिवाकर सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



### भगवान राम शरणागत के दोष नहीं देखते : बृजेश पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास बृजेश पाठक ने भगवान राम की करुणा और शरणागतवत्सलता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम अपने शरणागत के दोष नहीं देखते। यदि भगवान गुण-दोष देखकर उद्धार करते, तो किसी का भी कल्याण संभव नहीं होता। उनकी कृपा से पापी और अपराधी भी निष्पाप होकर उनकी शरण में स्थान पाते हैं।उन्होंने कहा कि रामायण में जब भगवान राम ने भरत की प्रशंसा की, तब भरत जी ने विनम्रता से कहा कि यह उनकी विशेषता नहीं, बल्कि प्रभु की दृष्टि की महिमा है।

# पांच से 21 जून तक चलेगा जनजागरूकता अभियान

**जनकल्याण मेले, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, रात्रि चौपालों का होगा आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल संचालन के निर्देश दिए गए।




बैठक में डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रमों से होगी।

प्रत्येक विकास खंड और नगरीय निकाय में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। इसमें जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं उद्यमियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि 14 से 16 जून तक विकास खंड स्तर पर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जाएंगे। इन मेलों में विभिन्न विभाग अपने स्टॉल लगाएंगे और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे। इसके अलावा आरोग्य मेले, पशु स्वास्थ्य मेले और अन्य जनहितकारी गति. विधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि 16 एवं 17 जून को जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन एवं विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें जन शिकायतों का निस्तारण एवं योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। चौपाल के बाद मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम कर स्थानीय समस्याओं का जमीनी स्तर पर अध्ययन करेंगे।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह, संतोष कुमार सिंह, देश दीपक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पकड़ने गई राजस्व टीम से भिड़ा माफिया

**मशीन के आगे डाली अपनी बाइक, तीन ट्रैक्टर ट्रॉली और मशीन ली कब्जे में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शासन प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। गुरुवार की सुबह क्षेत्र के गांव सहोदर नगला में किए जा रहे अवैध खनन की सूचना पहले ग्रामीणों ने एसडीएम को दी, जब उनका फोन नहीं उठा तो ग्रामीणों ने सीधे डीएम अविनाश सिंह को फोन लगा दिया।

डीएम की नाराजगी के बाद एसडीएम उदित पवार ने राजस्व टीम को तत्काल ही अवैध खनन कर रही ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ने के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देशों में स्थल पर पहुंची राजस्व टीम ने 2 ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ ली। खनन माफिया अपनी और ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया। राजस्व कर्मी दोनों ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर जैसे ही नगर की ओर चले तो खनन माफिया ने पट्टे वाली मशीन को दूसरे ग्राम के एक ग्रामीण के घर छिपा दिया था को लेकर दूसरे गांव खंजनपुर खय्जानियां में खनन शुरू कर दिया, जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने तत्काल ही राजस्व कर्मियों को इसकी सूचना दी, सूचना मिलते ही तत्काल ही राजस्व टीम ग्राम पहुंची और पट्टे वाली मशीन को खनन करते हुए पकड़ लिया। जैसे ही राजस्व कर्मी मशीन को लेकर चले तो खनन माफिया ने अपनी बाइक मशीन के आगे डाल दी, और खनन मशीन को ले जाने से रोक लिया। इस दौरान राजस्व कर्मियों की खनन माफिया के साथ काफी देर तक तकरार होती रही उसके बाद पहुंचे एक दूसरे व्यक्ति ने ट्रैक्टर और मशीन पुलिस चौकी लाकर खड़ी कर दी।

इस मामले में एसडीएम उदित पवार ने बताया कि पकड़ी गई तीन ट्रैक्टर दो ट्राली और एक पट्टे वाली मशीन की रिपोर्ट खनन विभाग को भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि खनन माफिया द्वारा अपनी बाइक मशीन के आगे डाल दिए जाने की उन्हें जानकारी नहीं है, इसकी जानकारी कर खनन माफिया के कार्यवाही की जाएगी।




### दो दिन पहले पकड़ी पांच ट्रैक्टर ट्राली पुलिस ने मोटी रकम लेकर छोड़ी

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले क्षेत्र के गांव धौरेरा के पास पुलिस को खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा था, जिन्हें मोटी रकम लेकर छोड़ दिया गया। इसके साथ ही पुलिस ने तीन दिन पहले 3 ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर मंडी में लाकर खड़ा कर दिया था, तीन दिनों तक इसकी रिपोर्ट खनन विभाग को नहीं भेजी गई, बल्कि उनका एम वी एक्ट में चालान कर दिया गया, इसके लिए पुलिस को खनन माफिया ने अच्छी मिठाई दी है, ऐसी चर्चा क्षेत्र में हो रही है।

### पुलिस प्रशासन का काम कर रहे हैं ग्रामीण

मामला चाहे देह व्यापार का हो या खनन का, क्षेत्र के लोगों का भरोसा स्थानीय पुलिस और प्रशासन से उठता जा रहा है। एक दिन पहले ही क्षेत्र के ग्राम डांडिया वीरम नगला के ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को फोन न कर सीधे कप्तान को फोन कर क्षेत्र में हो रहे देह व्यापार की जानकारी दी। जिस पर बड़ी कार्यवाही हो सकी थी। ऐसे ही गुरुवार की सुबह क्षेत्र के गांव सहोदर नगला के ग्रामीणों ने पहले जब एसडीएम का फोन नहीं उठा तो उन्होंने सीधे डीएम को फोन कर डाला, जिनकी फटकार पर राजस्व टीम ने यह बड़ी कार्यवाही की।

# सपा की पीडीए महापंचायत में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलड़िया।** समाजवादी पार्टी (सपा) की पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) महाप. ंचायत का आयोजन गुरुवार को भौआ बाजार में किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया।

पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने महापंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में चलाई गई जनहितक. ारी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने आईटीआई कॉलेज सहित शिक्षा, रोजगार और विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, और कहा कि समा. जवादी सरकार ने हमेशा आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है। उन्होंने महंगाई, बेरा. ेजगारी और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा। श्री यादव ने आगामी चुनावों में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान भी किया। महापंचायत में वक्ताओं ने पीडीए समाज की एकता और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान ओमेगा क्लासेस के कलीमुद्दीन, डॉ. मुस्ताक अहमद, शफीक अहमद जादूगर, विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास गंग. वार, जिला पंचायत सदस्य व राष्ट्रीय सचिव छेदा लाल दिवाकर, असलम खान, डॉ. नवाब हुसैन, मोइनुद्दीन सिद्दीकी और जिला पंचायत सदस्य प्रति. निधि नवाब अंसारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवकीनंदन गंगवार सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरोत्तम दास 'मुन्ना' ने किया।



# डीएम ने किया नवीन फॉरेंसिक साइंस लैब भवन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने ग्राम खलीलपुर, रामपुर रोड क्रॉसिंग स्थित राजकीय निर्माण निगम द्वारा निर्मित नवीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला (फॉरेंसिक साइंस लैब) भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने भवन की गुणवत्ता, संरचनात्मक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों तथा विभिन्न प्रयोगशाला कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भवन निर्माण अवधि एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि नवीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला भवन का शीघ्र संबंधित विभाग को हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए, जिससे अपराधों की वैज्ञानिक जांच प्रणाली और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बन सके। उन्होंने कहा कि नई फॉरेंसिक लैब अपराधों के शीघ्र खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि भवन हैंडओवर के लिए निदेशालय को पत्र भेजा जा चुका है तथा अनुमति मिलते ही समिति गठित कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। डीएम ने भवन में स्थापित विद्युत, जलापूर्ति, अग्नि सुरक्षा, अभिलेख संरक्षण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।



# खेकड़ा में पुराने मशीन कलपुर्जो से बनी 12 फीट ऊंची श्रीराम प्रतिमा का अनावरण

## प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किया लोकार्पण, जिलाधिकारी ने बताया जिले की पहचान और सौंदर्य बढ़ाने वाला प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री और बागपत के प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने गुरुवार को खेकड़ा क्षेत्र के मवीकलां चौकी के पास भगवान श्रीराम की एक प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा मशीनों के पुराने कलपुर्जों से निर्मित की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक और उत्सव का माहौल रहा, जहां मंत्री, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी का स्वागत बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा और नगर पालिका परिषद खेकड़ा के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील धामा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मंत्री ने प्रतिमा के निर्माण की सराहना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रतिमा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसे पूरी तरह मशीनों के पुराने कलपुर्जों से तैयार किया गया है। प्रतिमा की ऊंचाई 12 फीट और वजन लगभग 300 किलोग्राम है। इसे 16 टन वजनी और 6 फीट ऊंचे विशाल पत्थर पर स्थापित किया गया है, जिससे इसकी कुल ऊंचाई लगभग 18 फीट हो जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति, आस्था और आदर्शों के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी कलात्मक और धार्मिक प्रतिमाएं न केवल लोगों की आस्था को मजबूत करती हैं, बल्कि



जिले के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उनके अनुसार, यह प्रतिमा बागपत में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए जिले की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, उपजिलाधिकारी खेकड़ा मनीष यादव, उपजिलाधिकारी बागपत ज्योति शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# खेत पर पड़ा मिला किसान का शव परिजनों का बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में खेत पर सिचाई करने गया एक किसान का शव खेत पर ही पड़ा मिला जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस नें शव का पंचनामा पर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

ढिकोली निवासी अरविंद 45 वर्षीय उर्फ पिंटू खेत पर सुबह के समय ज्वार की फसल की सिचाई करने गया था उसके साथ उसका पुत्र अक्षु भी साथ था दोपहर के समय गर्मी ज्यादा होने पर उसने पुत्र को घर भेज दिया देर शाम जब किसानों ने उसके खेत में उसका शव देखा तो परिजनों को सूचना दी मौकें पर परिजन पहुंचे और थाना चांदीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी पुलिस नें मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिजनों नें मना कर



दिया ग्रामीण ओमपाल,रामबीर सिंह,सुखदेव, आदि का कहना है की किसान की मौत गर्मी के चलते हुई है बाद में पुलिस नें शव का पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया की मृतक किसान शराब का भी आदी था मौत के कारण का पोस्मार्टम के बाद पता चलेगा मृतक के शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जनभागीदारी और जागरूकता जरूरी: संजय राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दयानंद बाल विद्या मंदिर परिसर में एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के तत्वावधान में 45 दिवसीय पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पांच प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आए 15 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना है।

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाद सत्र में एस्रो के निदेशक संजय राणा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय की सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक है। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाएं इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जिनका प्रभाव मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। देशवीर नैन ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय संकटों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं से ऊर्जा संरक्षण, जल बचत, वृक्षारोपण और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने का आहवान किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को पर्यावरणीय अध्ययन, कचरा प्रबंधन, जैव



विविधता संरक्षण, जल संरक्षण और सामुदायिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही छात्र ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खुशी, प्रिंस, सुमेधा, भार्गवी, रोहित, सिद्धार्थ, सूरज, उमंग, तनु, अश्वनी, हर्ष, ऋषभ, प्रियांश और यशस्वी सहित अन्य मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माताजी लीलावती का निधन, शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत एनसीआर क्षेत्र के जागौश गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माता जी, 80 वर्षीय लीलावती का मंगलवार रात निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। अपने पीछे वह तीन पुत्र, तीन पुत्रियां, पौत्र-पौत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

बुधवार सुबह यमुना नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से जिले भर के पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। शोक व्यक्त करने वालों ने वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा एवं उनके परिवार को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। जागौश स्थित उनके निवास पर दिनभर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। स्वर्गीय लीलावती गांव में एक समाजसेविका के रूप में भी जानी जाती थीं। वह लोगों के सुख-दुख में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती थीं और समाज के हर वर्ग के लोगों से उनका आत्मीय संबंध था। उनके निधन से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।



# ढिकोली में नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में पानी निकासी और नाली निर्माण को लेकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे जहा नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणो नें धरना समाप्त कर दिया है।

ढिकोली गांव में मंदिर के पास से गुजरने वाली पिलाना-चमरावल मेन सड़क पर बने मकानों के पानी की निकासी ने होने को लेकर सड़क पर जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी रहती है कस्बें के लोगो ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है लेकिन कोई समाधान नही हुआ था जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन के पिलाना ब्लॉक अध्यक्ष नीरज ढाका नें कार्यकताओं और ग्रामीणों नें साथ



समस्या के समाधान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। नीरज ढाका ने बताया था कि जल भराव और गंदगी के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही नाली निर्माण न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है उन्होंने कहा जब तक समस्या का समाधान नही होता है वह धरना जारी रखेगे जिसके बाद बागपत नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डे रात्रि धरने पर ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें आश्वासन दिया की जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जायेगा जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया हैं। इस मौकें पर वीरेंद्र , पंकज, बिल्लू प्रजापति, पिंटू प्रजापति, विनोद, अजय, प्रमोद, ऋषि प्रजापति, सत्य प्रजापति, दीपक प्रजापति, रामपाल ढाका, तरुण फौजी ढाका, अक्षय ढाका, सचिन ढाका, अरुण ढाका, उज्जवल ढाका , कमल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टश्वप 10 में आने के लिए दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार के स्रुल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में प्रदेशभर में 05 जून से 21 जून 2026 तक सेवा, संस्कार ,सुशासन, एवं सम्मान, सुशासन, के 12 वर्ष विषयक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बागपत के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। नगर निकायों, विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेस-वे, नदियों एवं नहरों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण कराया जाए तथा सिटी फॉरेस्ट विकसित करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि 08 जून से 14 जून 2026 तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अंतर्गत जनपद के प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाई जाए। प्रभारी मंत्री ने 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं, महिलाओं, एनसीसी, पुलिस, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं 20 जून को रात्रि चौपाल का आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। जनपद को टॉप 10 में लाने के लिए प्रयासरत रहे उन्होंने कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि सभी अच्छा चलना चाहिए। बैठक में विधानसभा बागपत विधायक योगेश धामा ,विधायक छपरौली अजय कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा भाजपा जिला प्रभारी डॉक्टर चंद्रमोहान ,जिलाधिकारी अस्मिता लाल ,मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार, जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भीख मांगने वाले व्यक्ति से मारपीट, नगदी व मोबाइल लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम गांव में भीख मांगने वाले एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उससे नगदी और मोबाइल फोन छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कुछ युवकों पर गाली-गलौज, मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले कई वर्षों से लूम गांव में भीख मांगने के लिए आता रहा है। आरोप है कि मंगलवार को गांव में भीख मांगने के दौरान कुछ युवकों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर गांव से दूर जंगल में ले गए, जहां लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। आरोप है कि हमलावरों ने उससे नगदी और मोबाइल फोन भी छीन लिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे गांव की सीमा के बाहर छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने फोन के माध्यम से मामले की जानकारी दी और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर दिए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी आग, चार वर्षीय मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के पठानकोट मोहल्ले में देर रात गैस सिलेंडर में लीकेज होने से एक घर में भीषण आग लग गई। हादसे में चार वर्षीय मासूम जैद की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में उसका बड़ा भाई और चाचा गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मोहल्ले में शोक और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य देर रात घर में चाय बना रहे थे। इसी दौरान बड़े गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और अचानक आग भड़क उठी। आग ने पास में रखे पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग लगते ही परिवार के सदस्य जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। बाहर आने पर उन्हें पता चला कि चार वर्षीय जैद घर के अंदर ही रह गया है। बताया जाता है कि आग से घबराकर जैद चारपाई के नीचे छिप गया था। उसे बचाने के लिए उसका बड़ा भाई हुसैद घर के अंदर गया, लेकिन वह भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे जैद को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं आग लगे सिलेंडर को घर से बाहर निकालने के प्रयास में जैद का चाचा वसीम भी बुरी तरह झुलस गया। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए धधकते सिलेंडर को मकान से बाहर एक



जैद, मृतक

खाली प्लॉट में फेंका और आग बुझाने का प्रयास किया। आग की ऊंची लपटों से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सिलेंडर को घर से बाहर नहीं निकाला जाता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

# पेंट की दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित एक पेंट की दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार में व्यापारी अनुराग जैन की पेंट की दुकान पर एक अज्ञात युवक चोरी की नीयत से पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि आरोपी पहले दुकान के अंदर और आसपास का जायजा लेता है। जब उसे यकीन हो जाता है कि दुकानदार मौजूद नहीं है, तो वह काउंटर के पास पहुंचकर दराज खोलता है और उसमें रखा मोबाइल फोन तथा नकदी निकालकर फरार हो जाता है। पीड़ित व्यापारी अनुराग जैन ने



बताया कि चोरी में उनका मोबाइल और कुछ नकदी गायब हुई है। उन्होंने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि बाजार में सक्रिय कोई चोर गिरोह व्यापारियों को निशाना बना रहा है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में रोष है। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है। उधर, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रेक जाम होने से बेकाबू कार ने मारी टक्कर, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्र वंदना चौक के पास गुरुवार को एक सड़क हादसे में तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के गंभीर रूप से घायल न होने से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार मेरठ जनपद के छोटा मवाना निवासी अजय त्यागी अपनी कार से नैथला की ओर जा रहे थे। जब वह राष्ट्र वंदना चौक के समीप पहुंचे तो अचानक उनकी कार के ब्रेक जाम हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहनों से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बेकाबू कार ने एक के बाद एक तीन वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर



इतनी जोरदार थी कि तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारु करा दिया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहनों की गति अधिक होती तो दुर्घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी। समय रहते स्थिति नियंत्रित होने से बड़ा नुकसान टल गया।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन को माय भारत संग जुड़कर साकार कर रहे अमन, उत्तर प्रदेश का बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कभी गांव-गांव साइकिल पर अखबार बेचने वाला बागपत का युवा आज देश के टॉप यूथ आइकॉन में अपनी पहचान बना चुका है। जनपद बागपत के गांव टयौढ़ी निवासी राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में आयोजित विशेष राष्ट्रीय समारोह में आमंत्रित किया गया, जहां माय भारत प्लेटफॉर्म को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 की राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में मात्र एक सप्ताह के भीतर देशभर के 3,90,812 युवाओं ने प्रतिभाग कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया था।

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डा मनसुख मांडविया, केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खड़से, युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डा पल्लवी जैन गोविल सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने देश के टॉप यूथ आइकॉन संग इस विश्व कीर्तिमान को प्राप्त किया जिसमें उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति के रूप में बागपत के यूथ आइकॉन अमन कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। अमन कुमार वही युवा हैं जिन्होंने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में टीम उत्तर प्रदेश के ग्रुप कैप्टन के रूप में प्रदेश के 75 जनपदों के युवाओं की राष्ट्रीय मंच पर अगुवाई की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष टीम यूपी का नेतृत्व कर इस युवा ने अपनी अलग पहचान बनाई थी। अमन कुमार ने कहा कि माय भारत आज गांव-देहात के युवाओं को भी राष्ट्रीय मंचों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे मंचों ने युवाओं को नीति निर्माण और राष्ट्र विकास का सहभागी बनाया है जहां स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष युवाओं को विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलता हैं। आज बागपत का यह युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्को, यूनिसेफ, हंड्रेड, क्लाइमेट कार्डिनल्स सहित विभिन्न संस्थानों से जुड़कर कार्य कर रहा है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ दुनियाभर के टॉप 25 यूथ चैंपियन में भी शामिल रह चुके अमन कुमार का कहना है कि उनके जीवन में सबसे बड़ा बदलाव अखबार पढ़ने की आदत और माय भारत से जुड़ने के बाद आया। कभी मजबूरी में अखबार बेचने वाला यह युवा आज उसी जानकारी की शक्ति के माध्यम से लाखों युवाओं को नई दिशा दिखाने में जुटा है।



# दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें: सुनील

## प्रभारी मंत्री ने की केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए व्यापक एवं भव्य रणनीति बनाई जाए। अधिकारियों द्वारा सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।



प्रभारी मंत्री श्री शर्मा आज सर्किट हाउस सभागार में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान, 8 से 14 जून तक विशेष जन-सम्पर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम, 11 से 14 जून तक मीडिया संबोधन एवं संवाद, 14 से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला, 16 से 17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी, 18 से 19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं एवं 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा। श्री शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखण्डों, नगर निकायों एवं नगर निगम में लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण किए जाने के निर्देश दिए। विशेष जनसम्पर्क एंव जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत सर्किट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जिला पंचायत, नगर निगम, पंचायती राज विभाग सुनिश्चित करें कि सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की बेहतर साफ-सफाई हो तथा इनका रख-रखाव अच्छे से हो। सड़कों के ऊपर तारों का जाल न हो। उन्होने निर्देश दिए कि खाद समितियों पर कृषकों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, नगर आयुक्त शिपू गिरी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनसभा सफल बनाने के लिए चौ.नीरपाल सिंह का जनसंपर्क



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने 10 जून को बड़ौत शामली में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए खेल प्रकोष्ठ की टीम के साथ जनसंपर्क किया।

चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि 10 जून को हम सबके नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी शामली क्षेत्र के गांव काबड़ौत में आ रहे है।उनके विचार सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान जाट सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चौधरी, कुक्कू करोड़ी, परमेंद्र गुलीयान,अनुज प्रधान माजरा,अंकुश तोमर चौंधाहैंडी, यशपाल सिंह मुखिया नंगली, श्रवण शर्मा गोमतीपुर, देवकुमार निर्वाल शामली,हरविंदर मलिक आदमपुर, कपिल देव कंजरहेड़ी आदि साथ रहे।

# किसानों के हित में हमेशा आगे गमपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विभाग का कार्यभार संभालने के बाद से उन्होंने न केवल उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुंचाया है,बल्कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भी हमेशा तत्परता दिखाई है।



हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम के कारण जनपद के कई क्षेत्रों में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। हजारों फलदार एवं अन्य उपयोगी पेड़ धराशायी हो गए, जिससे किसानों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ा। ऐसे समय में जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल दौरा कर नुकसान का जायजा लिया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। यही नहीं अपितु उन्होंने किसानों को अश्वस्त करते हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने का भी पूरा भरोसा दिलाया,किसानों का कहना है कि विभागीय अधिकारी गमपाल सिंह न केवल औपचारिक निरीक्षण तक स्वयं को सीमित रखा,बल्कि विभागीय योजनाओं एवं राहत संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी देकर हम किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। यही कारण है कि किसानों के बीच उनकी एक सकारात्मक एवं संवेदनशील अधिकारी की छवि बनी है। जनपद के अनेक किसान मानते हैं कि जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह का व्यवहार सरल,सहयोगात्मक एवं किसान हितैषी रहा है। किसानों की समस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने की कार्यशैली ने उन्हें किसानों के बीच विशेष पहचान दिलाई है। किसानों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से पात्र किसानों तक पहुंचता रहेगा।

# बूथ स्तर तक मजबूत बनाएं संगठन: राव कैसर

## व्यवस्था परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई सांसद चंद्रशेखर की जीत की द्वितीय वर्षगांठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मंडल कार्यालय पर नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद, भीम आर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर की 4 जून को प्राप्त ऐतिहासिक विजय की द्वितीय वर्षगांठ को व्यवस्था परिवर्तन दिवस के रूप में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष सचिन खुराना, नकुड़ विधानसभा के चुनाव प्रभारी राव कैसर सलीम तथा जिला प्रभारी सन्नी गौतम उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी सामाजिक परिवर्तन, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्षरत है। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा जनहित से जुड़े आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा, सम्मान, बराबरी और अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान करना भी है।

कार्यक्रम में नैन प्रधान, शाहरुख मलिक, गुलशेर मलिक एवं परवीन गौतम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

### दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया की रोशन

**गंगोह।** यूं तो मरते है रोज ही बहुत मरकर जीवन पाते है वो, करती है उनको दुनिया याद पथ प्रदर्शक बन जाते है वों...वाली उक्ति को चरितार्थ करते हुए पुत्र ने अपनी माता के मरणोपरांत नेत्र दान कर दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया को रोशनी प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है।

सुनील एरन ने अपनी माता 80 वर्षीय विद्या देवी के निधन उपरांत उनके नेत्र दान कर दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया को रोशनी प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है। सुनील एरन ने मनोज गोयल के माध्यम से दृष्टि एक प्रयास संस्था के अध्यक्ष अमित गर्ग से संपर्क कर नेत्रदान की इच्छा व्यक्त की।

### मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग

**गंगोह।** ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में प्रस्तावित मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रों में खनन के दौरान 50 से 60 वर्ष पुराने आम के बाग हैं और आशंका है कि खनन के दौरान ये पेड़ उखड़ जाएंगे।

झाडवान, मोहम्मदपुर गुर्जर और रादौर गांवों के ग्रामीणोंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में प्रस्तावित मिट्टी खनन की अनुमति न देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में मिट्टी खनन की अनुमति देने से पर्यावरण और वर्षों पुराने बागों को नुकसान पहुंचेगा।

# जोन कार्यालयों पर नगर आयुक्त का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर जोन एक, जोन दो व जोन तीन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जन्म-मृत्यु के पैंडिंग मामलों, म्यूटेशन तथा आगन्तुकों के लिए की गयी व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली और व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के टिप्स दिए।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर तीनों जोन कार्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। जोन एक नुमाईश कैंप में जन्म मृत्यु की पैंडिंग फाइलों के सम्बंध में पूछे जाने पर सहायक नगरायुक्त व जोन प्रभारी जे पी यादव ने बताया कि काफी फाइलें एसडीएम व सीएमओ आफिस में पैंडिंग हैं। नगरायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए व अन्य कार्यों के लिए आये लोगों से भी बात की और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा नगरायुक्त ने विजीटर रुम मेनटेन करने, वहां टी वी की व्यवस्था करने, शुद्ध पेयजल के लिए ऊपर लगे आर ओ को नीचे लगवाने तथा विंडो पर टीन शेड लगवाने के निर्देश दिए। जोन कार्यालय के प्रवेश द्वार को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंन निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

# समर क्रिकेट कैंप में टीम डी चार विकेट से जीती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कैंप के अंतर्गत खेली जा रही समर क्रिकेट लीग में टीम डी ने टीम ए को रोचक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की।



भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर चल रही लीग के मैच में टीम डी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ए ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए। टीम ए की ओर से प्रत्यूष ने 15 रन तथा वासु ने 11 रन का योगदान दिया। टीम डी की गेंदबा. जी में विराट सैनी ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि मनन ने 1 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।113 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम डी की शुरुआत संतुलित रही। टीम ने 13.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 113 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 4 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम डी की ओर से समक्ष ने 21 रन और केशव ने 15 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।टीम ए की ओर से गेंदबाजी में प्रत्यूष ने 2 विकेट तथा अनिरुद्ध ने 1 विकेट प्राप्त किया, लेकिन वे अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके।मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रत्यूष को श्मैन ऑफ द मैचश् चुना गया। उन्होंने बल्ले से महत्वपूर्ण रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में भी दो विकेट हासिल कर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एकेडमी के कोच राजीव गोयल, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सीनियर सिटीजन ने लगाए पौधे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने महादेव मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया।



यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया जिसमें मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना के उपरांत रुद्राक्ष, आम, आड़ू, लीची शाहिद अन्य के पौधे लगाए गए। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केवएलव अरोड़ा ने बताया कि संस्था की समस्त इकाइयों द्वारा दिल्ली, देहरादून, हरिद्वार, सहारनपुर में विश्व पर्यावरण दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज इसी संबंध में दिल्ली रोड स्थित पैरामाउंट ट्यूलिप में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया है तथा स्कूलों में छात्रों के लिए पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अरुण प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राम जी सुनेजा, संदीप गोयल, रमेश चंद शर्मा, सिताब सिंह छोकर, राजेंद्र भारती, ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह, गोकर्ण दत्त शर्मा, सुषमा रामपाल, अजय अरोड़ा, अशोक कुमार सड़ाना, अनिल कुमार, ठाकुर मूलचंद, सुधीर सैनी, अशोक वालिया, सुनील धमीजा आदि उपस्थित रहे।

# नए नियमों से घबराएं नहीं, ठीक से समझें: शिपू गिरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन के सम्बंध में जनपद स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शाकुंभरी सभागार में किया गया।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नगरायुक्त शिपू गिरि ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि नया नियम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का संशोधित और उन्नत रुप है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरों और कस्बों में बढ़ते कचरे का वैज्ञानिक, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ प्रबंधन करना तथा स्वच्छ और स्वस्थ शहरी वातावरण बनाना है। नगरायुक्त ने कहा कि नये नियमों से घबराने की नहीं बल्कि उसके उद्देश्यों को ठीक से समझकर गंभीरता के साथ उन पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने निगम अधिकारियों को नियमावली 2026 का अनुपालन करने और जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।



अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने कहा कि नये नियम में सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा है। यह पूरी तरह से प्रकृति के चक्र से प्रेरित है, जिसमें कुछ भी बेकार नहीं जाता। उन्होंने कहा कि कचरे को फेंकने के बजाय उसका पुन: उपयोग पुनर्चक्रण और संसाधन पुनर्प्राप्ति करना है।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार ने बताया कि लैंडफिल पर निर्भरता कम करना नियमों का लक्ष्य है। उद्देश्य यह है कि अधिकतम कचरे का पुनर्चक्रण हो और कम से कम कचरा डंपिंग ग्राउंड में जाए। उन्होंने बल्क वेस्ट जनरेटर का चिह्नांकन कर ईबीडब्लूजीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराने एवं सोर्स सेग्रीगेशन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया।

कार्यशाला में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के अलावा विभिन्न नगर पंचायतों व नगरपालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, मण्डी समितियों के सचिव, सीपीपीआरआई तथा स्टार पेपर मिल सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चौकीदार विशेष सर्तकता बरतें: वीरेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना फतेहपुर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी ग्राम चौकीदारों ने हिस्सा लिया।



बैठक के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा ने सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता और भ्रमणशीलता बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रात्रि गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु या संदिग्ध गति. विधि नजर आए, तो उसकी सूचना बिना किसी देरी के तत्काल थाने को दी जाए।

प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्राम चौकीदार ही वास्तव में पुलिस की श्आंख और कानश हैं, और ग्रामीण स्तर पर अपराध नियंत्रण में उनकी भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में नशाखोरी, जुआ और किसी भी प्रकार की अवैध गति. विधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही, ग्राम स्तर पर होने वाले छोटे-छोटे आपसी विवादों की जानकारी भी समय रहते पुलिस तक पहुंचाई जाए, ताकि समय पर हस्तक्षेप कर किसी भी बड़ी अनहोनी या हिंसक घटना को रोका जा सके।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बैठक में आए चौकीदारों की समस्याओं को भी बेहद गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण का पूरा आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने चौकीदारों का मनोबल बढ़ाते हुए घोषणा की कि क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले चौकीदारों को पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा।

### टायर फैक्ट्रीय संचालकों पर लगाए आरोप

**गंगोह।** गांव सालारपुरा में एक किसान ने पड़ोसी टायर फैक्ट्री संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसान का कहना है कि फैक्ट्री संचालकों ने उसकी कृषि भूमि की बिजली आपूर्ति बाधित की है, फसल को नुकसान पहुंचाया है और उसे जान से मारने की धमकी दी है। किसान ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी है।

कोतवाली में दी गई शिकायत पत्र में किसान ने कहा है कि उसकी कृषि भूमि के पास एक टायर फैक्ट्री संचालित है। आरोप है कि पिछले आठ दिनों से फैक्ट्री संचालकों ने उसके बिजली कनेक्शन के तार कटवा दिए हैं, जिससे ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं हो पा रही है और फसल प्रभावित हो रही है।

# मेडिकल एजेंसी पर दस घंटे तक छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड़ में नशीली दवाईयो की तस्करी का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण दूर दराज तक पठेड़ गांव सुर्खीयों में आ रहा है। यहां पर आए दिन दूसरे प्रदेश की टीम आकर मैडिकल स्टोर व मेडिकल एजेंसी पर छापेमारी करती रहती है। कई नशा तस्कर को नार्कोटिस्ट टीम जेल भी भेज चुकी है।




बुधवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर कपिल शर्मा ने बरथकायस्थ पठेड स्थित एक मेडिकल एजेंसी पर लगभग दस घंटे तक छापेमारी की और एक एक दवाई चेक की। वहीं अन्य मेडिकल स्टोर स्वामी अपने अपने मेडिकल स्टोर के शटर बंद कर भाग गए। ड्रग्स अधिकारी की छापेमारी से मेडिकल स्टोर स्वामीयो में भय का माहौल बना हुआ है। ड्रग्स अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दवाईयों के सैम्पल लिए गए हैं, जिनको टैस्ट के लिए लैब में भेजा जा रहा है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई भी मेडिकल स्टोर या एजेंसी स्वामी नशीली दवाईयां बेंचते हुए पाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मौसम एवं आपदा संबंधी समयबद्ध चेतावनी के लिए "सचेत " ऐप डाउनलोड करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम संबंधी सटीक, विश्वसनीय एवं समयबद्ध चेतावनी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा विकसित सचेत मोबाइल ऐप को अपने मोबाइल फोन में अवश्य डाउनलोड करें।




उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मौसम में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण आंधी-तूफान, भारी वर्षा, वज्रपात, बाढ़, लू एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ऐसे में समय रहते चेतावनी प्राप्त होने पर जनहानि, पशुहानि तथा संपत्तियों को होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि सचेत ऐप उपयोगकर्ताओं के वर्तमान स्थान के आधार पर मौसम एवं आपदा संबंधी चेतावनियां सीधे उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराता है। इससे नागरिक संभावित खतरों के प्रति पहले से सतर्क होकर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपना सकते हैं।

उन्होंने सभी विभागों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों तथा जनप्रति. निधियों से भी अपील की कि वे अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को सचेत ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें, जिससे जनपद में आपदा जोखिम को कम किया जा सके तथा प्रत्येक नागरिक समय पर महत्वपूर्ण चेतावनी संदेश प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित रामपुर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और सचेत ऐप इस दिशा में एक प्रभावी एवं उपयोगी माध्यम साबित हो सकता है।



अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर

उन्होंने बताया कि सचेत ऐप गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल ऐप स्टोर पर नि:शुल्क उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर नागरिक मौसम एवं आपदा संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

# ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध चलाये गये अभियान में 9 वाहन सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बीती रात्रि 11:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। अभियान के अंतर्गत भोजपुर थाना क्षेत्र में 06 ओवरलोड डंपरों को सीज किया गया, जबकि एक बस का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त नवीन मंडी चौकी, थाना गंज क्षेत्र में 02 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया तथा 01 पिकअप वाहन के चालान की कार्रवाई की गयी। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल लगभग 6.30 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा होने के साथ-साथ सड़कों को भी क्षति पहुंचाती है। जनपद में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रामपुर जनपद में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत समस्त काउंसलर द्वारा चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को तंबाकू से होने वाली हानियां एवं इसके समुचित इलाज के बारे में विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय के डॉक्टर मनोज चौधरी, डॉक्टर वकास अहमद, हॉस्पिटल मैनेजर एवं अन्य डॉक्टर तथा काउंसलर्स ने प्रतिभाग किया।



इसके अतिरिक्त तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान तथा काउंसलर द्वारा पहाड़पुर ग्राम और धीरज नगर में फोकस ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को तंबाकू से होने वाले नुकसान एवं इसके समुचित इलाज तथा बचाव के उपाय विस्तार से बताये गये। कार्यक्रम में पहाड़पुर ग्राम के प्रधान राहत अली एएनएम, प्रभा कुमारी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजली-डीजल-पेट्रोल की बढ़ी दरों के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मंहगाई और बिजली दरों में वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रामपुर ने मोर्चा खोल दिया है। कमेटी ने 3 दिवसीय हस्ताक्षर अभियान चलाकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिला अधिकारी मिलक को अनुपस्थिती मे प्रभारी तहसीलदार सीमा गंगवार को सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिलक में प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकार ने बिजली के बिलों में बेतहाशा वृद्धि कर गरीब जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। साथ ही डीजल, पेट्रोल और घरेलू गैस के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है ज्ञापन में तर्क दिया गया कि उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्यों की तुलना में यहां बिजली की दरें सबसे ज्यादा हैं। महंगी बिजली के कारण उद्योग प्रदेश से पलायन कर रहे हैं। कई कंपनियां अब उत्तराखंड का रुख कर चुकी हैं, जिससे उप्र में रोजगार के अवसर घटेंगे। व्यापारी और किसान पहले से आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं, ऐसे में यह वृद्धि और मुसीबत बढ़ाएगी।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि सरकार तुरंत बिजली बिलों, डीजल-पेट्रोल और गैस के बढ़े हुए दाम वापस ले। जब तक मांग पूरी नहीं होती, कांग्रेस 3 दिन तक हस्ताक्षर अभियान चलाकर जनता की पीड़ा सरकार तक पहुंचाएगी। ज्ञापन सौंपते समय राहुल, देवकी नंदन, सुरेश गंगवार, वेदराम यादव, जीवेंद्र सिंह, काशी राम, आसिफ अली, जिला सचिव व जिला उपाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# उर्वरक वितरण में डिजिटल क्रांति, FFS ऐप से घर बैठे होगी बुकिंग

## किसानों को बड़ी सौगात: आधार से लॉगिन कर ऑनलाइन बुक करें उर्वरक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि उर्वरक वितरण प्रणाली को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा ष्फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (FFS)मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप को प्रारंभिक चरण में उत्तर प्रदेश के दो जनपदों रामपुर एवं सीतापुर में शीघ्र लागू किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान अपनी फार्मर आईडी अथवा आधार कार्ड से लॉगिन कर घर बैठे नजदीकी उर्वरक विक्रेता के यहां अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे। बुकिंग के

**■ रामपुर व सीतापुर में जल्द लागू होगा उर्वरक बुकिंग मोबाइल ऐप**

उपरांत किसान के मोबाइल पर क्यूआर कोड एवं बुकिंग आईडी जनरेट होगी, जिसके आधार पर वह संबंधित विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकेगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। वर्तमान में जनपद में कुल 20,844 मीट्रिक टन यूरिया, 3,794 मीट्रिक टन डीएपी तथा 8,202 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। गत वर्ष जून माह के वितरण की तुलना में इस वर्ष शत-प्रतिशत उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जून माह के लिए निर्धारित 8,563 मीट्रिक टन यूरिया लक्ष्य के सापेक्ष 251 प्रतिशत यूरिया उपलब्ध है तथा जनपद में किसी भी स्तर पर उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि कोई विक्रेता अथवा सहकारी समिति निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचती है अथवा उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन खरीदने के लिए बाध्य करती है, तो इसकी शिकायत कृषि विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 7839882763 एवं 9458846182 पर दर्ज कराएं। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दिव्यांग किशोरी से जुड़े एक गंभीर मामले ने क्षेत्र में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए किशोरी और उसकी मां को सुरक्षा के दृष्टिगत संरक्षण में ले लिया है। परिजनों ने एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है, जिसके बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और विभिन्न टीमों को जांच में लगाया गया है। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर मामले को अत्यंत संवेदनशील मानते हुए जांच तेज कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज



को खंगाला जा रहा है, ताकि आरा. पी की पहचान और उसकी गति. विधियों की कड़ी जोड़ी जा सके। अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश लगातार जारी है।

# एसपी ने भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर ने स्वार, टांडा एवं बिलासपुर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर की गई सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को नकल. विहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण



वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भर्ती परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जनपद पुलिस द्वारा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, ताकि सभी अभ्यर्थी बिना किसी परेशानी के परीक्षा में शामिल हो सकें।

# प्राइमर लीग टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में तौकीर इलैवन ने 9 रन से जीत की दर्ज, साकिब स्टूडियो बना उपविजेता

**( सुहैल मियॉ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर स्थित हाथा चौराहे के फील्ड पर खेले गए प्राइमर लीग टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में तौकीर इलैवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साकिब स्टुडियो को 9 रन से हराकर जीत हासिल की। मैच के दौरान दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांच से भरपूर मुकाबला देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए तौकीर इलैवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 131 रन बनाए। कप्तान सोनू वकार ने मात्र 13 गेंदों



में 38 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 6 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। वहीं नादिर ने 36 और मेहरबान ने 20 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साकिब स्टूडियो की शुरुआत भी दमदार रही। टीम की ओर से कप्तान नदीम पठान ने 17 गेंदों में 42 रन और सद्दाम लेफ्टी ने 22 गेंदों में 39 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा तरसेन ने अंत में 8 गेंदों में नाबाद 21 रन बनाकर जीत की उम्मीदें बनाए रखीं, लेकिन टीम निर्धारित 10 ओवरों में 122/3 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में सोनू वकार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में केवल 17 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किया। वहीं मोहम्मद परवेज ने भी एक विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ तौकीर इलैवन ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि साकिब स्टूडियो को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। पूरे टूर्नामेंट में दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का परिचय दिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि रहे कोतवाली प्रभारी अनुपम शर्मा उन्होने खिलाडियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया इस दौरान कमेंट्री व स्कोरिंग आमिर खान ने कि कमेटी के सदस्य मुख्तार अली, आसिफ हुसैन,परवेज अंसारी,आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में अकाल कृपा फाउंडेशन की पहल

**■ नेशनल हाईवे पर लगाया शरबत वितरण शिविर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच राहगीरों एवं यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अकाल कृपा फाउंडेशन समिति द्वारा सिविल लाइंस स्थित पायल होटल के सामने बड़े स्तर पर छबील (शरबत वितरण शिविर) का आयोजन किया गया।

इस दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने सड़क से गुजरने वाले लोगों, वाहन चालकों तथा बसों में सफर कर रहे यात्रियों को शरबत पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। चूंकि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग-24 (नेशनल हाईवे 24) पर स्थित है, इसलिए यहां दिनभर वाहनों और यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में फाउंडेशन के सदस्यों ने गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए सैकड़ों लोगों को शीतल शरबत वितरित किया। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि अकाल कृपा फाउंडेशन अपनी स्थापना के समय से ही समाज




सेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है तथा जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के चेयरमैन मन साहब सिंह, अध्यक्ष जोगा सिंह संधू सहित सोनू, विक्रम सिंह, बल्लू सिंह बाजवा, पपिंदर सिंह, धर्मिंदर सिंह, सोनू चीमा, सुखविंदर सिंह, गुर. विंदर सिंह, जगराज सिंह, विक्रमजीत सिंह, गगनदीप सिंह, रणजीत सिंह हेयर, गोपी चीमा, जिन्नी, मनन खुराना, रिंकू सिंह, नोशी मिलक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# धरने मे जाने को किसानो ने ट्रेन मे माँगा अतिरिक्त कोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने एक ज्ञापन रेल मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के नाम से स्टेशन मास्टर मिलक के माध्यम से दिया है जिसमें लिखा है कि भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति का राष्ट्रीय अधिवेशन 9 जून तथा 11 जून को हरिद्वार में अलकंदा होटल गंगा घाट पर राष्ट्रीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार जनपद रामपुर से 500 अन्नदाता इस शिविर




में शामिल होंगे इस संबंध में 9 जून 2026 को रेल द्वारा निशुल्क हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे जिसमें मांग की है कि एक अतिरिक्त कोच काठगोदाम एक्सप्रेस में जोड़ने की मांग की है जिसमें कार्यकर्ताओं को जीआरपी रेलवे टी .टी तथा स्टेशन मास्टर को सूचित करें तथा कार्यकर्ता को कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो आदि सहयोग की मांग की है ज्ञापन पर लाला राम गंगवार, राजेंद्र यदुवंशी,मनोज शर्मा, साजिद अंसारी, जमील अहमद, कल्लू पांडे, धर्मेंद्र गंगवार,सुरेंद्र गंगवार,विनोद पटेल, विनोद शर्मा, प्रेमपाल यदुवंशी, रिजवान अंसारी, मेहंदी हसन, तुफैल खान,संजू खान,कैलाश नाथ गोस्वामी आदि रहे

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** बुधवार देर रात कासमनगला गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। बड़ागांव निवासी 22 वर्षीय आमिर की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई शहादत और भाभी माहिनूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर सैफनी में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक गन्ना कोल्हू वाहन से टकरा गई, जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने आमिर को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि आमिर की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायल शहादत और माहिनूर को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी।

# सड़क किनारे पटरी व नालो पर न करे अतिक्रमण अन्यथा माल जब्त कर किया जाएगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन ने पुलिस को साथ लेकर दूकानदारो को सचेत किया कि सड़क किनारे पटरी व नालो पर अतिक्रमण न करे अन्य था माल जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अशूतोष सिंह व वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा ने पुलिस को लेकर मुनादी की कि सड़क किनारे पटरी व नालो पर अतिक्रमण न करे अन्य था माल



जब्त कर जुर्माना वसूला जाएगा वही उन्होंने कहा कि दुकानदार प्रतिबन्धित पोलोथीन प्लास्टिक के गिलास की बिक्री अपनी दुकानो पर न करे और न पोलोथीन मे कोई सामान दे अगर पोलोथीन की थैली या प्लास्टिक के गिलास की बिक्री करते अगर दुकानदार पकड़ा गया तो माल जब्ती के साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा नमनीत, राजीव कुमार शर्मा, मुकेश कुमार ,भूकन, सोमपाल ,दिनेश, प्रदीप, गीता, नीतू ,अनीता ,सहित नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूटेंगे कई बड़े रिकॉर्ड!

■ 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट, सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे। इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है। हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

आगामी टूर्नामेंट में ए अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं:- आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिंक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं। पेरी इस प्रतियोगिता में सबसे सफल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की उन छह टीमों का हिस्सा रही हैं जिन्होंने खिताब जीता है। 35 साल की पेरी उन




सात खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और जिन्होंने पिछले सभी नौ संस्करणों में खेला है। पेरी के अलावा, हरमनप्रीत कौर (भारत), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), मैरीजॉन कैप (दक्षिण अफ्रीका), स्टेफनी टेलर (वेस्ट इंडीज), सोफी डिवाइन और सूजी बिट्स (न्यूजीलैंड) भी इस टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में अपनी 10वीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर टी-20 इतिहास (पुरा और महिला) में 200 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र चार मैच दूर हैं। कौर ने भारत के लिए 196 मैच खेले हैं, संयोग से उन्होंने भारत के लिए अपना टी-20 पर्दापण 2009 के महिला टी-20 विश्वकप में किया था, जो इंग्लैंड में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शूट को महिला टी-20 विश्वकप में 50 विकेट का आंकड़ा छूने के लिए मात्र दो और विकेटों की जरूरत है। शूट ने इस टूर्नामेंट के पांच संस्करण खेले। उनके नाम 29 मैचों में 48 विकेट लेने का शानदार रिकॉर्ड है, उनका औसत 11.72 और इकॉनमी रेट 5.65 है। इस खास मुकाम के करीब पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, जिन्होंने इस गर्मी में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम में वापसी की है। इस्माइल ने 2009 में हुए पहले टी-20 विश्वकप में भी खेला था, के नाम इस टूर्नामेंट के 32 मैचों में 43 विकेट हैं। न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बिट्स ने पहले ही घोाणा कर दी है कि यह आने वाला टूर्नामेंट उनका आखिरी होगा। इस खेल की एक दिग्गज खिलाड़ी, बिट्स, टी-20 में 5000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (पुरा और महिला क्रिकेट दोनों में) बनने से मात्र 280 रन दूर हैं। 2007 में अपना पर्दापण करने वाली व्हाइट फर्न्स की इस ओपनर ने 183 मैचों में ए रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। आगामी टूर्नामेंट में तीन कप्तान - लौरा वोल्वार्ड्ट, हेले मैथ्यूज और चामरी अटापट्टू के नाम टी-20 में तीन-तीन शतक दर्ज हैं। जैसे-जैसे उनके बल्ले से रन बरसेंगे, ए तीनों इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दौड़ में शामिल हो जाएंगी( यह रिकॉर्ड अभी यूएई की ईशा ओजा (5) के नाम है। इंग्लैंड की बेहतरीन स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मेजबान टीम के लिए एक तुरुप का पत्ता साबित होंगी। 104 मैचों में 144 विकेट लेने का उनका शानदार प्रदर्शन इस बात को साबित करता है कि इंग्लैंड को उन पर कितना भरोसा है, साथ ही, एक्लेस्टोन महिला टी-20 में 150 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली गें. दबाज बन जाएंगी। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के लिए, इस टूर्नामेंट में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने का मौका है। अगर व्हाइट फर्न्स अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाती हैं, तो वे ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएंगी। महिला टी-20 विश्वकप का खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया है, उसने दो मौकों पर लगातार तीन-तीन बार यह खिताब जीता है, जिससे उसके कुल खिताबों की संख्या छह हो गई है। अभी, भारत की दीप्ति शर्मा महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं, उनके नाम 166 विकेट हैं। छह बार की विजेता टीम के पास इंग्लैंड और वेल्स में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का एक और मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी जीती थी, और सातवां टी-20 विश्वकप खिताब जीतने का मतलब होगा कि वे महिला क्रिकेट विश्वकप में अपनी जीत की बराबरी कर लेंगे। जो किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड है।

## एन से यंग से हारकर सिंधु हुई इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिटंन खिलाड़ी पीवी सिंधु को प्री क्वार्टर फाइनल में महिला ओलंपिक चैंपियन एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इंडोनेशिया ओपन में उनका सफर समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की बैडमिटंन खिलाड़ी ने दो बार की ओपलंपिक पदक विजेता सिंध के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कोरियाई खिलाड़ी का अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 हो गया है।पहला गेम बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन 16-16 के स्कोर के बाद टॉप सीड खिलाड़ी ने बढ़त बना ली और अगले छह में से पांच अंक अर्जित कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी पूरी तरह से हावी रहीं और शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

## खेल विशेष

### बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पद छोड़ा

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉट टेट ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश के तेज गेंदबा. जी कोच शॉन टेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही कह चुके है कि वे इस पद पर आगे काम नहीं करेंगे। टेट ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन उन्होंने इसके बारे में और कुछ नहीं बताया। टेट का बंगलाद. ेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अनुबंध 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक था। उन्होंने मई 2025 में टीम जॉइन की थी और बंगलादेश के साथ उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा। युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को तराशने में उनकी भूमिका की तारीफ हुई है। नाहिद अपनी जबरदस्त रफ्तार की वजह से हाल के सालों में बंगलादेश क्रिकेट के सबसे उभरते सिंतारों में से एक बन गए हैं।

### उरुग्वे ने चोटिल डी अर्रास्केटा को वर्ल्ड कप टीम में रखा

**मोंटेवीडिया, वार्ता।** उरुग्वे फुटबॉल एसोसिंएशन (एयूएफ) ने बताया कि मिडफील्डर जियोर्जियन डी अर्रास्केटा पैर की मांसपेशियों में खिचाव के बावजूद फीफा विश्व कप के लिए उरुग्वे की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। एयूएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जरूरी परीक्षण किए गए और मामले का पूरी तरह से आकलन किया गया, जिसके बाद यह निर्का निकला कि वह विश्व. कप टीम का हिस्सा बना रहेंगे। हालांकि, एसोसिंएशन ने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 32 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को अभ्यास बंद कर दिया था और बाद में हुई चिकित्सीय जांच में उनके दाहिने पैर की पिडली में ग्रेड-2 का खिचाव पाया गया। डी अर्रास्केटा, जिन्होंने उरुग्वे के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं।

### ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। साइवर-ब्रंट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी लेकिन वह उन मैचों में गें. दबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशोज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा कि शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है। इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की जरूरत न पड़े लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे।

## प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे व टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पट किया कि उसका दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद द्वारा नियुक्त दो-सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डा. मोहम्मद ए-एस- मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंग. वा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे, ने हाल ही में बंगलादेश का दौरा किया। इसका मकसद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों से बातचीत करना था। इसमें कहा गया कि आईसीसी यह स्पट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल अपनी जांच के नतीजे और टिप्पणियां उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसलिए, इस दौरे के संबंध में मीडिया में आई कोई भी रिपोर्ट, टिप्पणी या दावा महज अटकलबाजी है और वह आईसीसी की आधिकारिक स्थिति को नहीं दर्शाता। बुलबुल के नेतृत्व वाली कमेटी के दावे महज अटकलबाजी पर आधारित हैं। आईसीसी के दो सस्ईय प्रतिनिधिमंडलने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से पहले प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात कर हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। आईसीसी बोर्ड के दो प्रतिनिधि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी, एक जून को बंगलादेश पहुंचे और उन्होंने अपने आगमन के दिन ही तदर्थ बोर्ड के प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात की।

## सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में अय्यर, ईशान व तिलक वर्मा

■ माना जा रहा है तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं

**मुंबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से



मंजूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है,

उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है। पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं, इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है। अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27)- को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालांकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।

## मेरा पूरा ध्यान अब रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप यादव

■ भारतीय स्पीनर ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर विचार साझा किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के साथ टाटा आईपीएल को खत्म करने के बाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक लंबे टेस्ट सीजन के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से होने वाले एकमात्र मैच से होगी। जियो हॉटस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर , कुलदीप ने अपनी तैयारियों, व्हाइट-बॉल से रेड-बॉल क्रिकेट में मानसिंक बदलाव, और एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।



कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें वह बॉलिंग अटैक में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान टेस्ट मैच के लिए तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। अब तक हमारे दो नेट सेशन हो चुके हैं। हां, जड्डू भाई (जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी हैं। हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन तैयारियां अच्छी रही हैं। युवा खिलाड़ी हर्ा दुबे और मानव सुथार यहां मौजूद हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी अब नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए वह टीम के माहौल में पूरी तरह से ढल चुके हैं। पिछले दो सालों से वे इंडिया 'ए' के दौरों का हिस्सा रहे हैं। वे नियमित रूप से दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी भी खेल रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास अंतर्राष्ट्रीय अनुभव की कमी हो, लेकिन जब रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारियों और मैच की समझ की बात आती है, तो वे बिल्कुल अव्वल दर्जे के हैं, क्योंकि वे लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर पूरी तरह से फोकस करने के बारे में उन्होंने कहा कि एक अटैकिंग स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए रेगुलर ब्रेकथ्रू दिलाना चाहता हूं।

## स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/ एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गए बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं।

?उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई, उन्होंने सिंल्वर सीगर्स के ओवर में दो चौके जड़े, जिसके बाद फेजर ने भी इसाबेल वैन डेर वोनिंग के ओवर में ठीक वैसा ही किया। इसके बाद ब्राइस ने दो और चौके जड़े, और छठे ओवर की शुरुआत में ही स्कॉटलैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। कैरोलीन डी लांगे ने फ्रेजर को 29 रन पर आउट कर दिया, लेकिन ब्राइस को रोकना नामुमकिन था। उन्होंने चौके-छक्के लगाते हुए केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

कैथरीन की बहन सारा (12 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों बहनों ने मिलकर 10वें ओवर में हीथर के ओवर से 17 रन बटोरे, जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर ओवर खत्म होने तक 110 रन तक पहुंच गया। आइरिस ज्वलिंग ने कैथरीन को आउट कर दिया, जिससे ब्राइस बहनों की 58 रन की साझेदारी टूट गई। इसके बाद 10 गेंदों का एक ऐसा दौर आया जब स्कॉटलैंड की टीम कोई भी चौका नहीं जड़ पाई, लेकिन फिर भी वे बोर्ड पर 124 रन का एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहे। कप्तान गेंदबाजी में भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने दूसरे ओवर में फीबी मोल्केनबोअर को केवल तीन रन देकर आउट कर दिया। हीथर सिंगर्स ने तीन चौके लगाए, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गईं।

## उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल, जैस्मीन नम्बर 1 पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुंच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 पर पहुंच गई हैं।

नई वर्ल्ड बॉक्सिग रैंकिंग में भारत ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 वजन कैटेगरी और पुराों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे। महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नम्बर 3 पर पहुंच गईं। अरुंधति चौधरी (70किंग्रा), पूजा रानी (80किंग्रा), और नूपुर ( 80किंग्रा) सभी वर्ल्ड नम्बर 2 पर रहीं, जो भारी वजन कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सिंतारे निकहत जरीन (51किंग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किंग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। पुराों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतर्राट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किंग्रा) ने अपनी नम्बर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किंग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे।

## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रनों से हराया

■ इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1.0 से बढ़त बना ली है

**किंगस्टन, वार्ता।** कप्तान कुसल मेंडिस (72), पथुम निसंका (79) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय मुकाबले में 41 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

कुसल मेंडिस को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ मैच' का पुरस्कार मिला। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी




आक्रमण के आगे टिक कर नहीं खेल सके और पूरी टीम 49-2 ओवरों में 262 रनों के स्कोर पर सिंमट गई। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और जस्टिन ग्रीब्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में जॉन कैंपबेल (17) के रन आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई और उसने अपना दूसरा विकेट भी जल्द गंवा दिया। 10वें ओवर में महीश तीक्षणा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जस्टिन ग्रीब्स (45) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने केसी कार्टी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर असिंता फर्नांडो ने केसी कार्टी (27) को अपना शिकार बना लिया। शरफेन रदरफोर्ड (पांच) रन बनाकर आउट हुए।

31वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने अपना अर्धशतक बना चुके शाई होप को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 66 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद 40वें ओवर में महीश तीक्षण ने गुडाकेश मोती (22) का शिकार कर लिया। रॉस्टन चेज (33), अल्जारी जोसेफ (शून्य), मैथ्यू फोर्ड (15) रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर की दूसरी गेंद पर चरित असलंका ने जेडेन सील्स (दो) को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी का 262 के स्कोर पर अंत कर दिया। श्रीलंका की ओर से दुश्मांता चमीरा ने चार विकेट लिए। महीश तीक्षणा को दो विकेट मिले। असिंता फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 103 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 79 रन बनाए। कप्तान कुसल मेंडिस ने 62 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चरित असलंका ने (45), जनित लियानगे (नाबाद 44), पवन रत्नायके (24) और कामिंदु मेंडिस (12) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, मैथ्यू फोर्ड और रॉस्टन चेज ने दो-दो विकेट लिए।

# अकेले पड़ते ट्रम्प

मिडिल ईस्ट में जारी घटनाक्रम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए दिलचस्प खबर है, अमेरिकी संसद ने ईरान युद्ध से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास कर दिया है। मजेदार बात, तो यह है कि प्रस्ताव को कुछ रिपब्लिकन सांसदों का भी समर्थन मिला। कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई के लिए उसकी मंजूरी जरूरी है। इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को बढ़ते राजनी. तिक और कानूनी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद ने (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान युद्ध से जुड़ी शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे ट्रम्प और उनकी ईरान नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव का समर्थन ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि 208 सांसदों ने विरोध किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थामस मैसी, ब्रायन फिट्जपैट्रिक, टाम बैरेट और वारेन डेविडसन ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया। रिपब्लिकन सांसद टाम बैरेट ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग युद्ध की वजह से बढ़ती महंगाई और आर्थिक परेशानियों से नाराज हैं। वहीं थामस मैसी ने कहा कि लोग महंगे पेट्रोल, डीजल और खाद की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। उनके मुताबिक यह वोट दिखाता है कि जनता और संसद दोनों लंबे समय से चल रहे युद्ध से थक चुके हैं। ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि अमेरिका में वार पावर्स एक्ट नाम का कानून है। इस कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति को युद्ध जैसे बड़े फैसलों के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर संसद में खुलकर बहस होनी चाहिए और फिर वोटिंग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव न्यूयार्क के डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने पेश किया था। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि सभी डेमोक्रेट सांसदों ने इसका समर्थन किया और कुछ रिपब्लिकन सांसदों का साथ मिलना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम संविधान के अनुसार सरकार की शक्तियों पर निगरानी रखना है। हालांकि हाउस स्पीकर माइक जानसन इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि इससे ट्रम्प प्रशासन की शांति वार्ता और कूटनीतिक प्रयास कमजोर हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान में अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और अब ट्रम्प शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस बीच पेंटागन, अमेरिकी विदेश मंत्रालय और यूएसएआईडी के इंस्पेक्टर जनरल ने ईरान युद्ध की जांच शुरू कर दी है। कानून के अनुसार 60 दिन से ज्यादा चलने वाले विदेशी सैन्य अभियानों की समीक्षा करना जरूरी होता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि अमेरिका का ईरान अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और अब 60 दिन की सीमा पार कर चुका है। वॉर पावर्स एक्ट के मुताबिक कांग्रेस की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति 60 दिन से अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

# प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय

**विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष**





योगेश कुमार गोयल


प्रकृति का मिजाज वर्ष दर वर्ष बदल रहा है और इसी के साथ प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला भी बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैसे तो दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं। 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु धरती का तापमान जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है, ऐसे में इस वास्तविकता को नहीं नकारा जा सकता कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौसम के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा जा चुका है कि दुनिया पर वैश्विक तापमान में खतरनाक वृद्धि का संकट मंडरा रहा है और यह वृद्धि 2015 में पेरिस समझौते में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित डेढ़ डिग्री सेल्सियस का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का वर्ष 2026 का विषय 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। 19 नवम्बर 1986 को भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम इस आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। दरअसल धरती का तापमान वर्ष दर वर्ष जिस प्रकार बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, पानी की कमी जैसी समस्याएं पूरी दुनिया में विकराल रूप ले सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का दुष्प्रभाव अब समय-समय पर भयानक चक्रवाती तूफानों के रूप में भी देखा जाने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु संकट के साथ अरब सागर में तीव्र चक्रवाती विक्षोभ का सिलसिला चलता रहेगा। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब जलवायु में हो रहे बदलावों का ही बड़ा असर है। फिलहाल न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय बना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुता. बिक अब अरब सागर अधिकाधिक अशांत होता जा रहा है और अरब सागर में चक्रवात अपेक्षाकृत असामान्य हैं। आईएमडी सहित जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में ज्यादा वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 1890 के दशक के बाद 2011 से 2022 के बीच अरब सागर में चक्रवातीय घटनाएं ज्यादा हुई हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और ऐसी घटनाओं की तीव्रता बढ़ रही हैं, जिनमें अरबों-खरबों रूपए का नुकसान होता है, अनेक लोग मारे जाते हैं और ऐसी आपदाओं में लाखों लोग देखते ही देखते बेघर हो जाते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि किस प्रकार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा और अगले तीन दशकों में पृथ्वी के तापमान में वृद्धि पांच डिग्री तक दर्ज की जाती है तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा और एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। जहां तक पर्यावरण प्रदूषण की बात है, विश्वभर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण प्रतिवर्ष तरह-तरह की बीमारियों के कारण लोगों की मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यहां तक कि बहुत से नवजात शिशुओं पर भी प्रदूषण के गंभीर दुष्प्रभाव अब स्पष्ट देखे जाने लगे हैं।

## श्रीमुख से...

### भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम



नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है, आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके, एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई, यह केवल एक छात्र की त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# समझना होगा पर्यावरण का महत्व



रोहित कौशिक


इ 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस
समझना होगा पर्यावरण का महत्व
रोहित कौशिक

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पर्यावरण के मामले में क्या हमारी समझ बढ़ी है ? पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया था कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। कई शोधों में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन' नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशकों में देश ने तापमान में वृद्धि और मानसून में कमी का सामना किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। जब हम पर्यावरण का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंच. ाता ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करता है।

पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्धआईयूसीएनऋ द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल हो रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। इसका असर बढ़ती हुई लैंगिक असमानता के रूप में दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। इसमें जीत पुरुषों की होती है और महिलाएं दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। मौसम का समस्त चक्र अनियमित हो गया है। सम्पन्न लोग एसी में बैठकर पर्यावरण पर भाषण दे रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं।

प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। जब धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी पड़ती है तो धरती का ताप बढ़ने लगता है। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप पर्यावरण को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार पर्यावरण के जख्मों को कुरेद रहा है। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण सम्पूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी ? हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। प्रकृति के इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, तुलसी को तुलसी माता, गाय को गाय माता सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा तथा सूरज को सूर्य देवता कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है।

# दिन-प्रतिदिन भारतीय पर्यटकों की खराब होती छवि



रजनीश कपूर

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर भारतीय पर्यटकों से जुड़ी वायरल वीडियो एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गई हैं। गुजरात के गरबा नृत्य को विदेशी एयरपोर्टों, चीन की महान दीवार और अन्य वैश्विक स्थलों पर करते हुए दिखाए गए भारतीय पर्यटक न केवल चर्चा में हैं, बल्कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सवाल है कि क्या भारतीय पर्यटक वाकई बदतमीज हैं या दुनिया हमें अनुचित रूप से स्टिरियोटाइप कर रही है? यह मुद्दा वायरल हुए सिर्फ कुछ वीडियो का नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के विद. ेश यात्रा के बढ़ते रुझान और सांस्कृतिक-नागरिकता की समझ का है।

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यटन स्रोत बाजार है। कोविड महामारी के बाद विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2025-26 में लाखों भारतीय यूरोप, अमेरिका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों में घूम रहे हैं। लेकिन ऐसी कुछ घटनाएं पूरे राष्ट्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही हैं। एयरपोर्ट पर गरबा, चीन की ग्रेट वॉल पर नाचते हुए, कतार तोड़ते हुए या शोर मचाते हुए दिखाए गए पर्यटकों के वीडियो तेजी से वायरल हो जाते हैं। इनमें से कई में संदर्भ की कमी हो सकती है, लेकिन बार-बार दोहराई जाने वाली घटनाएं एक पैटर्न बनाती दिखती हैं।

सबसे पहले, यह स्वीकार करना जरूरी है कि हर राष्ट्र के कुछ पर्यटक समस्या पैदा करते हैं। चीनी पर्यटक भी भीड़ और शोर के लिए आलोचित होते रहे हैं, अमेरिकी पर्यटक अक्सर अहंकारी माने जाते हैं। लेकिन भारतीय मामले में समस्या की गहराई अलग है। भारत में घरेलू स्तर पर ही नागरिक भावना द्धबपअपब. ेमदेमऋ की कमी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, कतार में धक्का-मुक्की करना, सार्वजनिक स्थानों पर जोर-जोर से बात करना, दूसरों की निजता का सम्मान न करना, ये घर की वो आदतें हैं, जो विदेश ले जाई जाती हैं। जिससे भारत और भारतीयों का नाम खघ्राब होता है। कई भारतीय पर्यटक पहली बार विदेश जाते हैं। वे उत्साह में संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय नियमों और माहौल को नजरअंदाज कर देते हैं। गरबा एक जीवंत त्योहार नृत्य है, लेकिन एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इसे करना सुरक्षा और अनुशासन का उल्लंघन लगता है। इसी तरह, ऐतिहासिक स्मारकों पर चढ़ना, कूड़ा फेंकना या स्थानीय लोगों की असुविधा पैदा करना सांस्कृतिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। सोशल मीडिया का प्रभाव भी कम नहीं। एक वीडियो वायरल होने पर पूरा समुदाय टारगेट हो जाता है। कुछ मामलों में नस्लवाद या पूर्वाग्रह भी काम करता है, लेकिन इसे बहाना बनाकर अपनी गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आंकड़ों की बात करें तो भारत से विदेश यात्रा करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। लेकिन यात्रा एजेंसियां और सरकारें पर्यटकों को पूर्व-प्रशिक्षण देने में पिछड़ रही हैं। कई ग्रुप टूर में पर्यटक एक-दूसरे को उत्साहित करते हुए सीमा लांघ जाते हैं। नतीजा, विदेशी होटल, एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स भारतीयों को 'समस्या समूह' के रूप में देखने लगे हैं।

कुछ देशों में भारतीय पर्यटकों के लिए अनौपचारिक रूप से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। यह भारत के लिए शर्मनाक है, क्योंकि हम एक प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जहां अतिथि देवो भवः की परंपरा है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वायरल वीडियो संदर्भहीन हैं और भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। यह आंशिक रूप से सही भी हो सकता है, लेकिन जब भारतीय ही कमेंट करते हैं कि हमारे यहां नागरिक भावना शून्य है, तो समस्या नकारने लायक नहीं रह जाती। घर पर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन आदि चल रहे हैं, फिर भी व्यवहार में बदलाव धीमा है। शिक्षा प्रणाली में नागरिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर कम है। परिवारों में 'जब तक कोई पकड़ा न जाए तो जो मन आए वो करो' की मानसिकता प्रबल है। विदेश में भारतीय समुदाय अक्सर सफल, मेहनती और विविधतापूर्ण के रूप में जाना जाता है, लेकिन पर्यटन में आने वाले निचले और मध्यम वर्ग के कुछ हिस्से इस छवि को खराब कर देते हैं। यह वर्ग पहले कम यात्रा करता था, लेकिन अब सस्ती उड़ानों और पैकेज टूर के कारण इनका आंकड़ा भी बढ़ा है। उत्साह अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। भारत नाम फिर से खराब न हो इसके लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए अनिवार्य ऑनलाइन/ऑफलाइन वर्कशॉप शुरू करें। यात्रा एजेंसियां स्थानीय रीति-रिवाज, कानून और नियम सिखाएं। वीजा आवेदन के साथ छोटा कोर्स भी अनिवार्य किया जाए। विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय मिलकर 'जिम्मेदार भारतीय यात्री' अभियान चलाएं। सोशल मीडिया, यूट्यूब और एयरपोर्ट स्क्रीनों पर जागरूकता के वीडियो प्रसारित करें। भारतीय दूतावासों को स्थानीय शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दें। स्कूलों में पर्यटन नैतिकता को समझाया जाए, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घरों में जागरूकता फैलाएं। स्वच्छता, सम्मान और अनुशासन पर जोर दें। युवा पीढ़ी को वैश्विक नागरिक बनाने की जरूरत है। ऐसे में अच्छे व्यवहार करने वाले पर्यटकों को पुरस्कृत करें और गंभीर उल्लंघन करने वालों पर ब्लैकलिस्टिंग या पासपोर्ट प्रतिबंध जैसे कड़े कदम उठाएं। इसके साथ ही सबसे अहम भूमिका ग्रुप टूर लीडर्स की होनी चाहिए, उनको प्रशिक्षित किया जाए कि वे पर्यटकों को नियंत्रित रखें और विदेशी शहरों के प्रति संवेदनशील रहें। विदेशी पार्टनर्स के साथ फीडबैक सिस्टम बनाएं।गरबा जैसे नृत्यों को सही मंच पर प्रदर्शित करें, जैसे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिवल आदि में। व्यक्तिगत उत्साह को अनुशासित तरीके से व्यक्त करना सिखाएं। वहीं सेलिब्रिटी और इन्फ्लुएंसर्स जिम्मेदारी से यात्रा दिखाएं। वायरल होने वाली अच्छी कहानियां, जैसे भारतीयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण या स्थानीय मदद आदि को प्रचारित करें।




गुवाहाटी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके समर्थक।

# भारत व वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे

## मोदी और रोड्रिगेज ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और वेनेजुएला ने विशेष रूप से ऊर्जा और उसके साथ-साथ, महत्वपूर्ण खिनज, व्यापार, निवेश, फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य सेवा तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मोदी ने भारत यात्रा पर आई वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्राीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की। पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बीच हुई इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पांच दिन की यात्रा पर आई रोड्रिगेज के साथ विदेश, आर्थिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ है। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कहा कि दोनों के बीच बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें विशेष रूप से ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर विस्तार से बात हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और रोड्रिगेज ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने तथा 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव ( पूर्व) रूदेन्द्र टंडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न विषयों पर सार्थक और अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में भी पसंदीदा साझेदार बने रहेंगे।



■ पीएम ने वैश्विक और क्षेत्राीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की

टंडन ने कहा कि वेनेजुएला बदलाव के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह संसाधनों से समृद्ध देश है और अब वहां विकास यात्रा के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं। वेनेजुएला में केवल ऊर्जा क्षेत्रा ही नहीं बल्कि पशुपालन, परिवहन, खनन, कृषि, ऑटोमोटिव क्षेत्रा और फार्मास्यूटिकल जैसे क्षेत्रों में भी अनेक संभावनाएं हैं। टंडन ने कहा कि दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जिसका उद्देश्य उन तरीकों का पता लगाना था जिनसे भारतीय व्यापारी वेनेजुएला के बाजार में अपनी जगह बना सकें जिससे दोनों देशों के बीच नई साझेदारी हो सके। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि बातचीत के दौरान ऊर्जा के क्षेत्रा में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के पास बड़ा तेल भंडार है और भारत बड़ी मात्रा में तेल का आयात करता है। दोनों देशों के बीच खरीदार और विक्रेता के रूप में दीर्घावधि संबंधों की संभावना है।

## रूस ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कीः एंटोन सिलुआनोव सेंट

**पीटर्सबर्ग।** रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने गुरुवार को 'सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच' के दौरान कहा कि उनके देश ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कर ली है और अब वह बाहरी धन या विदेशी सरकारों के फैसलों पर निर्भर नहीं है। सिलुआनोव ने आर्थिक मंच पर कहा कि दुनिया बदल रही है और हमारे सामने कई मुश्किलें भी आई हैं, इसके बावजूद वित्तीय नजरिए से मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से एक संप्रभु और मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस इस बात पर बिल्कुल निर्भर नहीं है कि तीसरे देश उसे धन देंगे या नहीं।

# अमेरिका-ईरान बातचीत में आई अड़चन

## ईरान की दो टूक अरबों डॉलर की जब्त की गई उसकी धनराशि को तुरंत जारी किया जाए



■ डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में ईरान के जब्त धन को तुरंत जारी करने की मांग सबसे बड़ी अड़चन बन गई है। ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी संभावित समझौते के तहत कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले उसकी अरबों डॉलर की जब्त की गई धनराशि को तुरंत जारी किया जाए। इस मांग को मानने में ट्रम्प प्रशासन हिचकिचा रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। खासकर ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार, परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर वह कड़ा रूख अपना रहा है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानी वार्ताकार चाहते हैं कि जैसे ही दोनों पक्ष शुरुआती सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करें, उन्हें जब्त हुए धन से 'नकद धनराशि' तुरंत मिल जाए और इसमें किसी तरह की कोई देरी नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों का रुख साफ है कि प्रतिबंधों में राहत तभी मिलेगी जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई ठोस आश्वासन देगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में चिंता सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। अगर धनराशि को जल्दी जारी कर दिया गया, तो इससे ईरान को एक आर्थिक सहारा मिल जाएगा, जबकि अमेरिका के हाथ से उसका सबसे ताकतवर मोलभाव का हथियार, आर्थिक दबाव, जिसे बनाने में उसने कई वर्ष लगाए हैं, वह उसके हाथ से निकल जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय मध्यस्थों को साफ कर दिया है कि जब तक ईरान पहले कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाता है खासकर अपनी परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर,तब तक कोई बड़ी रकम जारी नहीं की जाएगी। ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से साफ-साफ कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी समझौते पर दस्तखत नहीं करेंगे जो ओबामा के 2015 के समझौते जैसा हो, जिसके तहत ईरान के लिए 1.7 अरब डॉलर का फंड जारी किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान अब करीब 12 अरब डॉलर की मांग कर रहा है, और ट्रम्प की ऐसी कोई मंशा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकारों ने ऐसे इंतजामों पर विचार किया है, जिनके तहत कोई तीसरा देश जैसे कि कतर ईरान को फंड जारी करेगा, ताकि अमेरिका किसी भी सीधे भुगतान से दूर रहे। मध्यस्थों ने बीच का रास्ता निकालने के लिए कुछ प्रस्ताव रखे हैं, जिनमें कई अरब डॉलर का एक 'मानवीय फंड' बनाना भी शामिल है।

### ईरान के दुश्मनों ने 'हाइब्रिड युद्ध' की चालें चलींः मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरा. इल जैसे दुश्मनों ने युद्ध के मैदान में निर्णायक हार और गहरी बेइज्जती का सामना करने के बाद ईरान के खिलाफ 'हाइब्रिड युद्ध' की रणनीति अपनाते हुए अब अपना ध्यान हमारे देश को अंदर से अस्थिर करने पर केंद्रित कर दिया है। खामनेई ने इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक इमाम खुमैनी की पुण्यतिथि की 37वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को जारी एक संदेश में बोलते हुए घोषणा की कि ईरान के दुश्मनों को युद्ध के मैदान में 'गहरी शर्मिंदगी' झेलनी पड़ी है और अब उन्होंने उन चालों का सहारा लेना शुरू किया है जिन्हें हाईब्रिड युद्ध की चालें कही जाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्ट दुश्मन, सशस्त्र बलों में आपके बहादुर बेटों के साथ टकराव में हारने के बाद-अपने प्रयासों को दो लक्ष्यों पर कें. द्रित कर रहा है-लोगों के मनोबल को तोड़ना और देश के अधिकारियों के बीच गलतफहमियां पैदा करना। खामेनेई ने एक लिखित संदेश में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला 'दमनकारी तंत्र' एक मजबूत और स्वतंत्र ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता और उन्होंने इजराइल को उस तंत्र की एक 'सैन्य चौकी' बताया।

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले पर आईएईए चिंतित

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास हुए एक भारी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्हें जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) प्रशासन की ओर से यह जानकारी मिली है कि पास ही स्थित 'जापोरिज्जिया थर्मल पावर प्लांट' (जेटीपीपी) पर आज सुबह भारी हमला हुआ है। गौरतलब है कि इस थर्मल पावर प्लांट का स्विचयार्ड ही मुख्य परमाणु संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करने में मदद करता है। परमाणु संयंत्र में मौजूद आईएईए की विशेषज्ञ टीम ने भी थर्मल पावर प्लांट की दिशा से हल्का धुआं निकलते देखा और वहां सैन्य गति. विधियों की आवाजें सुनीं। आईएईए ने चेतावनी दी है कि इस नए हमले ने जेडएनपीपी की एकमात्र बची हुई बाहरी बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## तुर्की-सऊदी अरब ने की होर्मुज के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा

**इस्तांबुल।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहां से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है-जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब के हिजाज क्षेत्र में मक्का और मदीना के बीच पहले से ही एक तेज गति वाली रेल लाइन मौजूद है। उरालोग्लू ने मार्च में कहा था कि तुर्की ऐतिहासिक हिजाज रेलवे के उस हिस्से को फिर से चालू करने के लिए दमिश्क सीरिया के साथ बातचीत कर रहा था जो कभी इन देशों को आपस में जोड़ता था।



■ प्रस्तावित रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है: अब्दुलकादिर उरालोग्लू

## यूरोप में तीन सालों में 80000 नए एचआईवी मामलों की आशंका

**ब्रुसेल्स।** यूरोप में अगले तीन वर्षों में लगभग 80,000 नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आने और टीबी के कारण 9,000 से अधिक मौतें होने की आशंका है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने यह जानकारी दी है। गत 21 मई को ईसीडीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में यूरोप में एक दशक से ज्यादा समय में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे ज्यादा दरें देखी गईं, जिसमें सिफलिस और गोनोरिया शामिल हैं। ईयू ऑब्जर्वर न्यूज एजेंसी ने बुधवार को रेंडी-वैगनर के हवाले से कहा कि हम यूरोप में आने वाले तीन सालों में 80,000 नए एचआईवी संक्रमण और टीबी से 9000 से ज्यादा मौतें देखेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयू रेगुलेटर का अनुमान है कि टीबी और यौन संचारित संक्रमणों में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही, इन बीमारियों की वजह से ईयू , आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में हर साल 59000 मौतें होती हैं। ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में अभी लगभग 800000 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरीः रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा कि कम से कम हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रम्प प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया कि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमे. रिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदाई' रहे हैं।

■ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है: विदेश मंत्री

## डीआरसी से यात्रा प्रतिबंध को हटाया जाएः टेड्रोस

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महा. निदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने कई देशों से अपील की है कि वे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैली इबोला महामारी के कारण लगाए गए यात्र प्रतिबंधों को हटाएं।

# इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम पर सहमत

## वॉशिंगटन डीसी में हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमे. रिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जजीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णत: बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था।

आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रें में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा। यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब बुधवार को दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही। हिजबुल्लाह ने जहां इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए, वहीं इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में की गई बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस शांति समझौते की घोषणा के कुछ ही समय बाद उत्तरी इजरायल में संभावित हवाई हमले के सायरन भी सुने गए, जिससे स्थिति की संवेदनशीलता साफ दिखाई देती है। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता कोई नया संघर्ष विराम नहीं है, बल्कि मई महीने में तय हुए 45 दिनों के पुराने संघर्ष विराम विस्तार को ही आगे बढ़ाने और उसका सम्मान करने की एक साझा प्रतिबद्धता है। युद्धरत पक्ष हिजबुल्लाह के इस वार्ता की मेज पर मौजूद न होने के कारण जमीन पर इस समझौते के पूरी तरह अमल में आने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हलकों में अभी भी कई तरह की आशंकाएं और सवाल बने हुए हैं। दोनों पक्ष इस अस्थाई व्यवस्था को एक स्थाई और 'व्यापक समझौते' का रूप देने के उद्देश्य से आगामी 22 जून और उसके बाद एक बार फिर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। दूसरी ओर, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि सीजफायर के ऐलान के बावजूद इजरायली सेना फिलहाल लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाइयां बंद नहीं करेगी और न ही वह वहां से पीछे हटेगी।



■ यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही













